वर्ष- 21 अंक - 349 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, गुरुवार 4 जून 2026

# दिल्ली होटल के बाद बिहार के अस्पताल में आग



## 5 की मौत, 20 गंभीर, जलते मरीजों को छोड़कर भाग गए अस्पताल वाले, अस्पताल ने शव छिपा लिए

मुजफ्फरपुर ● एजेंसी

कल दिल्ली में एक होटल में आग लगने से 20 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद आज तड़के बिहार के मुजफ्फरपुर में एक अस्पताल में आग लग गई। इस हादसे में 5 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जबकि 20 की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह भी कहा जा रहा है कि आग लगने के बाद अस्पताल में फंसे मरीजों को छोड़कर अस्पताल वाले भाग गए। अस्पताल प्रशासन पर शवों को छिपाने का भी आरोप लोगों ने लगाया है। यहां प्रसाद अस्पताल में पांचवीं मंजिल पर स्थित आईसीयू वार्ड में आग लगने के बाद अफरा-तफरी मची और पूरा अस्पताल धुएं से भर गया। इस धुएं से लोगों का दम घुटने लगा। अस्पताल में फंसे लोगों को खिड़कियां और कांच तोड़कर निकाला गया।









### होटलों पर लगे ताले

दिल्ली में कल होटल में आग लगने की घटना के बाद एमसीडी एक्शन में आ गई और कई होटलों पर ताले लग गए। यहां के होटलों में आग से बचाव के उपाय किए गए हैं या नहीं इसकी जांच की जा रही है।

## ट्रंप को बड़ा झटका जंग जारी नहीं रख पाएंगे

वॉशिंगटन ● एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वह ईरान पर फिर से ऑल-आउट वॉर तब तक नहीं शुरू करेंगे जब तक कि कोई अमेरिकी सैनिक नहीं मरता। उनकी यह बात तब सामने आई है जब यूएस हाउस ने उनकी वॉर पॉवर पर रोक लगा दी है। इसका मतलब है कि वह ईरान में जंग जारी नहीं रख पाएंगे और वह किसी तरह के नए स्ट्राइक का आदेश नहीं दे पाएंगे। इसे राष्ट्रपति ट्रंप के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। ट्रंप ने अपने साथियों से प्राइवेट में कहा है कि अगर तेहरान अमेरिकी सैनिकों को मारता है, तो वह ईरान के साथ सीज़फ़ायर खत्म करने पर विचार करेंगे।

### पंजाब को बमों से दहलाने की धमकी

**चंडीगढ़.एजेंसी।** पंजाब को एक बार फिर बमों से दहलाने की धमकी मिली है। पंजाब के सिविल सचिवालय और पंजाब के धार्मिक स्थलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इस धमकी के बाद अहम ठिकानों की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है और धमकी देने वाले की तलाश की जा रही है। इसके पहले भी पंजाब, दिल्ली सहित कई राज्यों में बम धमाके की धमकी मिल चुकी है।

## डॉक्टर ने 8 हजार में जोड़ी हड्डी, पैसे नहीं मिले तो जबरन मरोड़कर दोबारा तोड़ी

मुफ्फरनगर ● एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने एक बच्ची के पैर की टूटी हड्डी को जोड़ा और जब रुपए नहीं मिले तो डॉक्टरों ने इस जोड़ी हुई हड्डी को फिर तोड़ दिया। बच्ची की विधवा मां रेशमा के मुताबिक करीब डेढ़ माह पूर्व उसकी बेटी के दाहिने पैर की हड्डी का ऑपरेशन जिला अस्पताल में हुआ था। अस्पताल कर्मियों ने उससे 25,000 की मांग की थी। महिला के आग्रह पर डीएम ने मुफ्त इलाज के आदेश दिए थे। इसके बावजूद अस्पताल ने इस महिला से 8 हजार रुपए लिए और बाकी रुपए बाद में देने को कहा। जब यह महिला कुछ दिनों बाद चेकअप के लिए बच्ची को अस्पताल ले गई तो ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर चतुर्वेदी ने बाकी रुपए नहीं मिलने पर लड़की का घुटना जबरन मोड़ दिया और हड्डी फिर तोड़ दी।



## शेयर में उठापटक रुपया मजबूत

**मुंबई.एजेंसी।** शेयर बाजार में आज सुबह-सुबह उठापटक देखने को मिली। सुबह 9.20 बजे सेंसेक्स 284.51 अंक यानी 0.38 प्रश गिरावट के साथ 74,061.66 अंक पर ट्रेड कर रहा था। निफ्टी 67.25 अंक यानी 0.29प्रश की गिरावट के साथ 23,338.35 अंक पर आ गया। इस गिरावट के बाद शेयर बाजार संभल गया। उधर रुपया डॉलर के मुकाबले 7 पैसे की तेजी के साथ 95.69 पर खुला।

## तृणमूल नेता पर महिलाओं ने किया सड़े अंडों से हमला



कूचबिहार ● एजेंसी

पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले के गोपालपुर में टीएमसी पंचायत प्रमुख गीता बर्मन के घर के बाहर स्थानीय महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इस्तीफे की मांग करते हुए घर पर सड़े अंडे और पानी की बोतलें फेंकीं तथा तोड़फोड़ की कोशिश की। लोगों का आरोप है कि विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद से पंचायत प्रमुख क्षेत्र में दिखाई नहीं दीं। उनका कहना है कि पंचायत से जुड़ी कई बुनियादी सेवाएं ठप पड़ी हैं और मनरेगा जॉब कार्ड सूची से कई लोगों के नाम जानबूझकर हटा दिए गए हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ...

### हनुमान मंदिर में नमाज

**बुलन्दशहर.एजेंसी।** बुलन्दशहर के औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव ओलिना में हनुमान मंदिर परिसर में नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया। पुलिस ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जबकि दो के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् से पाकिस्तान की छुट्टी

**संयुक्त राष्ट्र.एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से पाकिस्तान की 'विदाई' होने जा रही है। चुनाव में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। किर्गिस्तान पहली बार सुरक्षा परिषद का सदस्य बनेगा। वहीं, ऑस्ट्रिया, पुर्तगाल, त्रिनिदाद एंड टोबैगो और जिम्बाब्वे भी गैर-स्थायी सदस्य चुने गए। इनका कार्यकाल दो साल का होगा।

### ब्रिटिश नेवी का हेलिकॉप्टर क्रैश, तीन सैनिकों की मौत

**लंदन.एजेंसी।** ब्रिटेन की रॉयल नेवी का एक हेलिकॉप्टर ट्रेनिंग के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार तीन सैनिकों की मौत हो गई। यह दुर्घटना इंग्लैंड के डेवोन इलाके में हुई, जब हेलिकॉप्टर एक खेत में गिरा।

### इंदिरा के बाद अब नेहरू का रिकार्ड तोड़ेंगे मोदी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** 10 जून 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4,399 दिनों के लगातार कार्यकाल के साथ पूर्व पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू का 64 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़कर भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले लोकतांत्रिक प्रधानमंत्री बन जाएंगे। 13 मई 1952 को नेहरू ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। वह 27 मई 1964 तक लगातार प्रधानमंत्री रहे। यह अवधि कुल 4,398 दिनों की रही। नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। 26 मई 2014 से 10 जून 2026 तक उनका लगातार कार्यकाल 4,399 दिनों का हो जाएगा, जो नेहरू के रिकॉर्ड से एक दिन अधिक होगा। सबसे लंबे समय तक पीएम रहने के मामले में तीसरे पायदान पर काबिज इंदिरा गांधी का 4,077 दिनों का लगातार कार्यकाल मोदी 25 जुलाई 2025 को ही पार कर चुके हैं। नेहरू के समय देश की आबादी लगभग 34 करोड़ थी, जबकि मोदी के पीएम बनने तक यह 131 करोड़ से अधिक हो चुकी थी और अब 146 करोड़ के पार है।

# कुछ ही समय में सीमेंट की खराब सड़क पर चढ़ गई डामर की परत

## निगम नेता प्रतिपक्ष ने लिखा आयुक्त को पत्र अधिकारी और ठेकेदार को बचाने का प्रयास

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

निगम में नेताप्रतिपक्ष और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल को पत्र लिखकर विषय डाला कि घटिया रोड का निर्माण किया गया है और अधिकारी के साथ ठेकेदार को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। चौकसे ने लिखा कि केवल दो माह के करीब चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा से लेकर बापट चौराहा तक सीमेंट कंक्रीट की सड़क का निर्माण





करवाया गया। जिस ठेकेदार को यह काम दिया गया उसके द्वारा बेहद घटिया काम किया गया और सड़क का समतलीकरण भी बराबर नहीं था। इस मामले को लेकर जब नगर निगम में शिकायत की जाने लगी तो निगम के जादूगर अधिकारियों ने अब नए सिरे से इस सड़क के काम का ठेका देकर उस पर डामर की परत चढ़ाने का काम शुरू किया है। आयुक्त को पत्र में कहा कि सीमेंट की सड़क बनवाना, उस सड़क का घटिया बनना और फिर उस पर डामर की परत चढ़ा देना, एक सुनियोजित घोटाले को प्रदर्शित करता है। हमारा आपसे आग्रह है कि इस मामले में तुरंत जांच के आदेश देकर डामर के काम को रुकवाने का कष्ट करें। इस मामले के दोषी भ्रष्टाचारी अधिकारियों और ठेकेदार पर भी कार्रवाई करें। इस मामले में जो-जो दोषी है उसे बख्शा नहीं जाए, चाहे वह अधिकारी, ठेकेदार हो या फिर कोई जनप्रतिनिधि हो, क्योंकि जनता द्वारा कर के रूप में दिए गए कमाई के पैसे का दुरुपयोग हुआ है। प्रथम दृष्टियां इसमें जल्द जांच की जाए और कार्रवाई की जाए।

# सालासर बालाजी मंदिर को राजस्थान के कलाकार कर रहे हैं तैयार

## कनाड़िया रोड पर मंदिर में व्हाइट मार्बल और पत्थर पर हो रही कलाकारी, दिया जा रहा है दिव्य स्वरूप, भाजपा नेता का मिल रहा है सानिध्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** भाजपा नेता नानुराम कुमावत की संस्था पुरुषार्थ के सानिध्य में जयपुर में स्थित श्री सालासर बालाजी मंदिर की तरह दिखने वाले इंदौर शहर का पहला श्री सालासर बालाजी का भव्य मंदिर का नव निर्माण कार्य इन दिनों तेजी के साथ कनाडिया रोड़ पर भाजपा नेता नानूराम कुमावत के ऑफिस के ठीक सामने किया जा रहा है। जहां सालासर बालाजी मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद धार्मिक आयोजन के साथ जल्द धूमधाम से प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

### राजस्थान के कलाकारों द्वारा किया जा रहा है मंदिर निर्माण कार्य

वर्तमान में मंदिर के भीतर प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा से पहले राजस्थान में स्थित श्री सालासर बालाजी धाम की तरह इंदौर में कनाडिया क्षेत्र के शिव शक्ति नगर में विगत दो-तीन माह से राजस्थान के कलाकारों द्वारा सालासर धाम में स्थित बाबा के मंदिर की तरह इंदौर में भी कनाडिया रोड़ पर दिव्य मंदिर का आकर्षक स्वरूप तैयार किया जा रहा है। जहां आने वाले दिनों में अगले डेढ़ से दो माह में जल्द भव्य रूप में नवीन मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण करने की तैयारी है। जिसके तहत इन दिनों तेजी के साथ तैयारी चल रही है। जिसमें मुख्य रूप से सालासर बालाजी महाराज दिव्य स्वरूप में विराजेंगे। इसके अलावा अन्य देवी-देवता भी नए मंदिर





निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद सालासर बालाजी के साथ नजर आएंगे। जिसको लेकर इन दिनों तेजी के साथ भीतर से लेकर बाहर तक निर्माण और फिनिशिंग के बचें कार्य पूर्ण किए जा रहे है। कुमावत ने बताया इसके बाद मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद धूमधाम से भव्य शोभायात्रा और धार्मिक आयोजन कर इसमें भजन संध्या और गाजे-बाजे के साथ राजस्थान में तैयार की गई श्री सालासर बालाजी की दिव्य प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शिव शक्ति नगर में बन रहें नए मंदिर परिसर में बड़ी धूम धाम से मनाया जाएगा। जिसको लेकर वर्तमान में तेजी के साथ मंदिर निर्माण कार्य और फिनिशिंग के काम चल रहे हैं।

# मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण को प्राथमिकता मिली

## कल से 12 साल बेमिसाल अभियान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी और इन 12 सालों में प्रधानमंत्री ने भारत का कद पूरी दुनिया में ऊंचा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 साल को जिला भाजपा ने बैठक में बेमिसाल बताया। नगर अध्यक्ष श्रवणसिंह





चावड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली, जबकि जनभागीदारी ने विकास को एक व्यापक जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। जिला भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 साल पूर्ण होने पर 12 साल बेमिसाल अभियान का आयोजन कल 5 से 21 जून तक आयोजित किया जाएगा। सांसद शंकर लालवानी, विधायक उषा ठाकुर, मधु वर्मा, प्रभारी शैलेन्द्र डागा, अजयसिंह नरूका, रवि रावलिया, विनोद चंदानी, राजेश शर्मा, अन्तरसिंह दरबार, रीना सतीश मालवीय, देवराज सिंह परिहार, सुभाष चौधरी, कंचन सिंह चौहान, उमा नारायण पटेल, घनश्याम नारोलिया, प्रेमसिंह ढाबली, जिला महामंत्री रामस्वरूप गहलोत, अंतर दयाल, वीरेंद्र आंजना, भरत आंजना सहित अन्य मौजूद थे।



# सेवा सेतु का सफाई अभियान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सेवा सेतु शिक्षा एवं जनकल्याण समिति के शहर अध्यक्ष हिमांशु यादव ने बताया कि जिस इंदौर नगर निगम में रोज करोड़ों रुपए के बड़े बड़े घोटाले हो रहे हैं चाहे वो ड्रेनेज शिविर लाइन के नकली बिल पास के हो या स्वच्छता के नाम पर शहर के डिवाइडरों पर प्लास्टिक पेंट की जगह मिट्टी के कलर पोत कर ठेकेदारों के बिल पास करना, ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को अपनी जवाब देही याद दिलाने के लिए सेवा सेतु के पदाधिकारियों द्वारा यह अभियान चलाया। हिमांशु यादव, शैलेष त्रिपाठी, सरिता तिवारी, अजय भट्ट, संजय तिसगावकर, अंतरसिंह राजपूत, नितिन यादव, संदीप सोनी, आशीष शुक्ला उपस्थित थे।

# निगम ने पानी की लाइन नहीं डाली और बिल 2013 से दे दिया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि विधानसभा 1 के वार्ड 14 स्थित अम्बिकापुरी में नगर निगम ने 13 साल के बिल देकर लोगों को परेशानी में डाल दिया और तनाव पैदा कर दिया। नगर निगम का कारनामा द्विवेदी ने बताया और कहा कि यहां पानी की लाइन डाली ही नहीं, पानी दिया ही नहीं फिर भी बिल 2013 से दे दिया गया है। द्विवेदी ने बताया कि अम्बिकापुरी के रहवासियों को 2013 में भरोसा दिलाया गया था कि पानी की लाइन डाली जा ही है, रसीद कटवा लो, बहुत से लोगों ने उम्मीद के आधार पर 1100 रुपये जमा किए रसीद ले ली। ऐसे सभी लोगों के खाते नगर निगम में खुल गये, परंतु पानी आज तक भी नहीं आया। सन् 2025 में एक पट्टी की लाईन में पानी आया तो ऐसे लोगों ने कनेक्शन ले लिए और ये सब जबसे कनेक्शन लिया है तबसे पानी का बिल जमा करने को तैयार हैं परंतु अधिकारियों का दबाव है कि खाता 2013से खुला है अतः बिल 2013से ही है पूरे पैसे जमा करना पड़ेगे। द्विवेदी ने कहा कि यह है भ्रष्टाचार के परत वाली नगर निगम।

# मुख्यमंत्री अब ईवी से करेंगे यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए एक महत्वपूर्ण पहल की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास से स्टेट हैंगर भोपाल तक पेट्रोल से चलने वाले चार पहिया वाहन के स्थान पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) से यात्रा की। यह ईवी मुख्यमंत्री सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों पर खरा उतरने, फीचर्स की विधिवत जांच एवं अन्य जरूरी प्रक्रियाओं का बारिकी से पालन करने के बाद मुख्यमंत्री के लघु कारकेड में शामिल कर ली गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अब राजधानी



(भोपाल) में नियमित रूप से ईवी कार से ही यात्रा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को ईंधन की अधिकतम बचत करने और मितव्ययतापूर्ण यात्रा के साधन अपनाने का संदेश दिया है। इससे देश एवं प्रदेश में ईंधन की बचत को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सार्थक प्रयास करें।

# कांग्रेस निकालेगी तोड़फोड़ वाले क्षेत्र में जनअधिकार यात्रा

## जिनके निर्माण तोड़े उन्हें मुआवजा दो, उज्जैन के नियम इंदौर में भी लागू करो -चौकसे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

### मास्टर प्लान की सभी 23 सड़कों में यह नियम लागू करो

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चिंटू चौक से ने कहा है कि 6 जून को कांग्रेस के द्वारा छावनी क्षेत्र में जन अधिकार यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा के माध्यम से यह मांग की जाएगी की जिन भी लोगों के निर्माण तोड़े गए हैं उन सभी को मुआवजा दिया जाएं। जो नियम उज्जैन में लागू है वही नियम इंदौर में भी लागू किए जाएं। इंदौर में मास्टर प्लान की जो 23 सड़क बनाई जा रही है उन सभी में इस नियम को लागू किया जाएं। चौकसे ने आज यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मधु मिलन चौराहा से लेकर जगन्नाथ धर्मशाला तक मास्टर प्लान की सड़क का निर्माण करने के लिए नगर निगम के द्वारा लोगों के मकान में तोड़फोड़ की गई है। निगम के द्वारा जो हिस्सा तोड़ा गया है वह कोई कब्जा या अतिक्रमण नहीं था बल्कि वहां के लोगों के द्वारा किया गया सालों पुराना वैध निर्माण था। इस निर्माण को तोड़कर जो जमीन सड़क बनाने के लिए ली गई है वह भी लोगों की मालिकी की जमीन है। कुछ भी कब्जा, अतिक्रमण नहीं था। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा जो जमीन ली गई है उसका इन लोगों को भूमि अधिग्रहण नियम के प्रावधान के अनुसार बाजार मूल्य से दोगुना मुआवजा दिया जाएं। इसके साथ ही जो निर्माण तोड़ा गया है उस निर्माण की कीमत का आंकलन कराकर उसका भी मुआवजा दिया जाएं।

चौकसे ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा उज्जैन में इस तरह वैध निर्माण तोड़ने पर मुआवजा देने का प्रावधान लागू किया गया है। इस प्रावधान को उज्जैन की तरह इंदौर में भी लागू किया जाएं। इंदौर के साथ बदले का व्यवहार बंद किया जाएं। इंदौर और उज्जैन में अलग-अलग नियम लागू करने की कोशिका का हम विरोध करते हैं।

उन्होंने कहा कि जो निर्माण तोड़े गए हैं उसके बाद में नागरिकों के द्वारा जब नक्शा मंजूर कराया जाएगा तो नगर निगम के द्वारा सड़क को 80 फीट मानते हुए नक्शा मंजूर किया जाएगा। यह भी गलत है। जब नगर निगम के द्वारा 60 फीट की सड़क का निर्माण किया जा रहा है तो राज्य सरकार के द्वारा गजट नोटिफिकेशन जारी करते हुए इस सड़क की चौड़ाई को अधिकृत रूप से 60 फिट घोषित किया जाएं। इस आधार पर नगर निगम के द्वारा भी सड़क को 60 फीट मानते हुए ही नागरिकों के नक्शे मंजूर किए जाएं। इन मांगों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस के द्वारा 6 जून को शाम 5 बजे मधुमिलन चौराहा से अधिकार यात्रा निकाली जाएगी।

यह यात्रा जगन्नाथ धर्मशाला तक जाकर समाप्त होगी। इस यात्रा में क्षेत्र के सभी नागरिक शामिल होंगे। इसके साथ ही कांग्रेस मास्टर प्लान की सभी 23 सड़कों के नागरिकों के अधिकार की लड़ाई कांग्रेस शुरू करेगी। इन सभी सड़कों पर जो निर्माण तोड़े जा रहे हैं उसमें मुआवजा देने की मांग की जाएगी।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में होगा धीरज खंडेलवाल का सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वैश्य महासम्मेलन द्वारा भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोनीत होने पर धीरज खंडेलवाल का सम्मान कल दोपहर 12 बजे एचआर ग्रीन गार्डन पर किया जाएगा। यह आयोजन पहले शनिवार की शाम होना था, लेकिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कल मिली स्वीकृति के बाद कार्यक्रम में परिवर्तन किया गया। कार्यक्रम संयोजक अजय सोढानी, अशोक डागा, बीडी भट्टड़ ने बताया कि भोपाल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को निमंत्रण दिया गया, उन्होंने कल दोपहर कार्यक्रम में आने की स्वीकृति दी है। वैश्य सम्मेलन की कमान सुधीर अग्रवाल और दिनेश मित्तल संभालेंगे। बड़ी संख्या में वैश्य समाज के माहेश्वरी, खंडेलवाल, अग्रवाल सहित अन्य समाजजन मौजूद रहेंगे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के कल कई कार्यक्रम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल लम्बे अन्तराल के बाद कल इंदौर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कल पर्यावरण दिवस पर मंडलों के पौधारोपण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पौधा माँ के नाम अन्तर्गत होने वाले सभी जिलों के पौधारोपण कार्यक्रम में खंडेलवाल की मौजूदगी रहेगी। नगर के सभी 35 मंडलों में पौधारोपण कार्यक्रम पर्यावरण दिवस पर रखा गया है। क्षेत्रीय विधायक, पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। वहीं खंडेलवाल कल वैश्य समाज के आयोजन में होटल ग्रीन में दोपहर 12 बजे शिरकत करेंगे।

## युवा शिवसेना की कल हुंकार सायकल रैली

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शिवसेना की युवा सेना इकाई के महानगर प्रमुख धनराज दामके ने बताया कि युवा सेना द्वारा कल 5 जून को सायकल जनजागरण रैली का आयोजन जनता की जनसस्याओं पर किया जाएगा। इस हुंकार सायकल रैली के माध्यम से बढ़ती महंगाई, बढ़ती पेट्रोल-डीजल की कीमत, पेयजल संकट, बिजली कटौती, जर्जर सडक और बढ़ते टैक्स मुद्दे पर यह आयोजन होगा। कल सुबह 10 बजे गांधी हाल पर सभी शिवसैनिकों के साथ आम लोग भी इस सायकल रैली में शामिल होने पहुंचेंगे। जन जनसमस्या पर शिवसेना की युवा सेना द्वारा गांधी हाल से रीगल तिराहा और फिर रैली राजबाडा पहुंचेगी। अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। यहां से रैली कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम प्रशासन को ज्ञापन दिया जाएगा। शिवसेना के धनराज दामके ने यह भी अपील की है कि जिनके पास सायकल नहीं है वे टूव्हीलर या पैदल चलकर भी रैली में शामिल हो सकते है। खासतौर से दाल और आटे का दाम कम करने और सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर टैक्स कम करने की मांग की जाएगी।



## विजयवर्गीय समर्थक की दुकान भी टूटी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मेट्रो स्टेशन के लिए मल्हारगंज थाना भी हटाया जाना है और कल मल्हारगंज थाना के समीप बगीचे के बाहर बनी दुकानों को हटाया गया और गली पार दूसरे बगीचे के बाहर की दुकानों को भी मेट्रो ट्रेन में आ रही बाधा के कारण हटाया गया। यहां मेट्रो स्टेशन बनना है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समर्थक अशोक चौहान चांदू की दुकानें भी यहां बताई गई है। विधानसभा 1 का प्रभार मंत्री और आकाश विजयवर्गीय के बाद अशोक चौहान चांदू के ही पास है।

## भाजपाई मनाएंगे पोहा दिवस

### राजवाड़ा पर करेंगे आयोजन, सामूहिक होगा पोहा खाने का आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

~~इंदौरी पोहा पूरे प्रदेश ही~~ नहीं अब देश की पहचान बन चुका है और जो लोग मालवा-निमाड़ से विदेश गए हैं वे भी वहां पोहा का सेवन पेटपूजा के साथ नाश्ता में करते हैं। इंदौर में तो कोना-कोना में सुबह का पोहा चर्चित है। अब अन्तर्राष्ट्रीय पोहा दिवस 7 जून को मनाया जाना है, ऐसे में इंदौरी भी पीछे कहां रहेंगे। भाजपा नेता डॉ. मधुर टेमले ने बताया कि 7 जून को पोहा उत्सव दिवस मनाया जाएगा और इस दिन पोहा पार्टी का आयोजन 7 जून की सुबह राजवाड़ा पर किया जाएगा। भाजपा के जनप्रतिनिधियों को ~~भी इसके लिए न्यौता दिया गया~~ है। संभावना है मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, पुष्यमित्र भार्गव, महेन्द्र हार्डिया, मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मधु वर्मा एवं भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। वहीं इस पोहा पार्टी के लिए इंदौर के लोगों को भी परिवार के साथ मौजूद रहकर इस पोहा दिवस पर सामूहिक पोहा खाने के आयोजन में शामिल होने के अपील टेमले ने की है। पोहा के स्वाद के साथ आपसी संवाद का आयोजन भी किया गया है।

# 12 साल बेमिसाल में भाजपा की बनी नगर की टोली

## 17 दिनों तक चलेगा अलग-अलग आयोजन, स्वास्थ्य लाभ ले रहे अध्यक्ष भी हुए वर्चुअल बैठक में शामिल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर भाजपा ने कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कल 5 से 21 जून तक होने वाले कार्यक्रम को लेकर वर्चुअल बैठक का आयोजन किया। हृदय को लेकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने जहां इस आयोजन के लिए कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर इंदौर नगर की टोली बनाई उसमें चार भाजपा नेताओं को शामिल किया गया। वहीं भाजपा नगर अध्यक्ष ने कल की वर्चुअल बैठक में स्वास्थ्य लाभ के दौरान शामिल होकर अपना नगर अध्यक्ष का दायित्व भी निभाया।**

भाजपा का कल से 17 दिवसीय आयोजन शुरू होगा और आम लोगों तक यह अभियान 17 दिन चलने के साथ यह बताया जाएगा कि 12 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश कितना सशक्त हुआ है, कितने विकास कार्य किए गए हैं और देश के साथ विदेश में भी भारत की साख को और मजबूत किया गया है। वहीं पौधारोपण अभी सांकेतिक रूप से होंगे और बड़ा पौधारोपण अभियान बरसात के दौरान चलाया जाएगा। नगर भाजपा द्वारा बुद्धिजीवी संपर्क अभियान के लिए हर वार्ड से 25-25 नाम निकाले जाएंगे। कार्यकर्ता उनसे सम्पर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यो एवं उपलब्धियों की जानकारी देकर विकसित भारत अभियान से जुड़ने का आग्रह भी करेंगे। सम्मेलन का न्योता भी देंगे। बुद्धिजीवी संपर्क अभियान की फोटो संगठन एप पर डालना होगी। 1 कार्यकर्ता को 5 बुद्धिजीवी से संपर्क करना होगा। वहीं हितग्राहियों से भी इन 17 दिनों में सम्पर्क साधकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। 12 साल के विकास कार्य और उपलब्धियों को लेकर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी राजवाड़ा या रणजीत हनुमान मंदिर क्षेत्र में लगने की संभावना है। कल वर्चुअल बैठक में इंदौर के जनप्रतिनिधि और प्रभारी शामिल हुए। कुल मिलाकर कल से भाजपा का केन्द्र सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर आयोजन होगा और खासतौर से सरकार की उपलब्धियां आम जनता तक पहुंचाई जाएगी। वहीं हितग्राहियों के साथ वरिष्ठों से भी सम्पर्क किया जाएगा।

# नर्मदा की पाइप लाइन फूटी

## इंदौर में तीसरे चरण के पानी का आना रुका

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नर्मदा पेयजल योजना की तीसरे चरण की पाइपलाइन फूट गई है। इसके कारण तीसरे चरण में इंदौर में जो पानी आता है वह आना रुक गया है।**

इंदौर शहर के नागरिकों की पानी की आवश्यकता की पूर्ति नर्मदा पेयजल योजना के पहले-दूसरे और तीसरे चरण से आने वाले पानी से ही होती है। इस पानी की आपूर्ति में आज फिर से नई बाधा पैदा हो गई। महू में ड्रीमलैंड चौराहे के पास नर्मदा पेयजल योजना के तीसरे चरण की पाइपलाइन फूट गई। इसके कारण





वहां पर अपनी बहना शुरू हो गया। ऐसी स्थिति में इंदौर नगर निगम की टीम महू के लिए रवाना हो गई है। यह टीम महू में जाने के बाद पाइपलाइन को सुधारने का काम करेगी। इसी बीच नगर निगम के द्वारा ज़लूद में नर्मदा पेयजल योजना के तीसरे चरण के पंप को बंद कर दिया गया है ताकि नर्मदा का कीमती पानी वेस्ट नहीं हो। इस पाइपलाइन के फूट जाने के कारण तीसरे चरण का पानी आज इंदौर नहीं पहुंच पाया है। इस स्थिति के चलते हुए डायरेक्ट सप्लाय वाले क्षेत्र में और कई टंकी के क्षेत्र में अब पानी के संकट की स्थिति पैदा हो जाएगी। इंदौर शहर में इस समय पानी का वैसे ही बहुत ज्यादा संकट चल रहा है। इस संकट के बीच में पाइप लाइन के फूट जाने से और ज्यादा समस्या पैदा हो जाएगी। इस स्थिति को दूर करने की दिशा में निगम के पास कोई चारा नहीं है। निगम के अधिकारियों के द्वारा टैंकर के माध्यम से समस्या वाले क्षेत्रों में पानी भेजने का दावा जरूर किया जा रहा है। अभी जितने क्षेत्र में नर्मदा की लाइन नहीं है और पानी की समस्या है वहां पर भी पर्याप्त पानी पहुंचाने का काम नगर निगम के टैंकर नहीं कर पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब नर्मदा वाले क्षेत्रों में भी पानी की व्यवस्था टैंकर के माध्यम से नगर निगम कैसे करेगा यह एक बड़ा प्रश्न है। नगर निगम के पास अभी जो 600 से ज्यादा टैंकर है वह भी इंदौर शहर में समस्या वाले क्षेत्र में पानी पहुंचाने में कम पड़ रहे हैं।

# नई पेंट पर कलर चढ़ने और मोबाइल टूटने के विवाद में युवक ने लगाई फांसी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कोतवाली थाना क्षेत्र के नॉर्थ तोड़ा इलाके में एक बेहद ही हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां महज एक पेंट पर दूसरा रंग चढ़ जाने और उसके बाद हुए पारिवारिक विवाद से उपजे गुस्से में एक 18 वर्षीय युवक ने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। मां द्वारा डांटने और वीडियो बनाने पर युवक ने पहले अपना मोबाइल तोड़ दिया और बाद में कमरे में जाकर मां के दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।**



**गुस्से में काटने लगा पेंट, मां ने वीडियो बनाया तो तोड़ दिया मोबाइल**

घटना नॉर्थ तोड़ा क्षेत्र की है। मृतक का नाम गौरव पिता मनोज (18) निवासी नॉर्थ तोड़ा है। मृतक के मामा सोनू ने बताया कि गौरव का एक क्रीम कलर का पसंदीदा पेंट था, जिसे घर में दूसरे रंगीन कपड़ों के साथ धोने के लिए डाल दिया गया था। साथ में धुलने के कारण उस क्रीम कलर के पेंट पर दूसरे कपड़ों का रंग चढ़ गया और पेंट पूरी तरह खराब हो ग़ई। पेंट पर कलर चढ़ा देख गौरव का पारा चढ़ गया और वह अपनी मां से बहस करने लगा। मां ने पेंट को दोबारा धोया, लेकिन उसके बाद भी उस पर से रंग का दाग नहीं छूटा। इससे गौरव इस कदर गुस्से में आ गया कि उसने घर में रखी कैंची उठा ली और अपने ही पेंट को काटने लगा। गौरव को इस तरह उग्र होते देख मां ने उसे डांटते हुए समझाने का प्रयास किया और उसकी इस हरकत का अपने मोबाइल से वीडियो बनाने लगीं। मां को वीडियो बनाता देख गौरव और भड़क गया; उसने मां के हाथ से मोबाइल छीना और उसे जमीन पर पटककर पूरी तरह तोड़ दिया। मोबाइल टूटने के बाद गौरव का गुस्सा थोड़ा शांत हुआ, तो वह अपने दोस्तों से मिलने और उस टूटे हुए मोबाइल को सुधरवाने की बात कहकर घर से बाहर निकल गया। कुछ देर बाद जब वह वापस घर लौटा, तो उस समय उसकी मां किसी काम से घर के बाहर गई हुई थी और वह घर में अकेला था। इसी दौरान मोबाइल टूटने और पेंट खराब होने के अवसाद व गुस्से में आकर गौरव कमरे में गया और वहां मां के दुपट्टे का फंदा बनाकर छत के कुंडे से झूल गया। जब मां घर वापस लौटी और कमरे में बेटा फंदे पर लटका मिला, तो परिवार में कोहराम मच गया। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और गौरव को तुरंत फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस परिजनों के विस्तृत बयान दर्ज कर रही है।

# रेवती में लगाए गए 12 लाख पौधे अब बनने लगे हैं पेड़

## निगम के द्वारा पौधों को पानी देने के लिए की गई अतिरिक्त व्यवस्था

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





नगर निगम के द्वारा उज्जैन रोड पर स्थित ग्राम रेवती में लगाए गए 12 लाख पौधे अब पेड़ के रूप में तब्दील होने लगे हैं। निगम के द्वारा इन पौधों को पानी देने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था भी की गई है।

2 साल पहले प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा ग्राम रेवती की बंजर पड़ी सरकारी जमीन पर पौधारोपण करने का अभियान चलाया गया था। उसके बाद से नगर निगम के द्वारा इस स्थान की देखरेख करने का काम शुरू किया गया। जब यहां पर 12 लाख पौधे का रोपण कर दिया गया तो निगम के द्वारा टैंकर के माध्यम से पानी भेज कर उस पानी से पौधों की प्यास बुझाने का काम किया गया। इसके बाद नगर निगम के द्वारा यहां पर एक टंकी का निर्माण कर दिया गया है। इस टंकी से पाइपलाइन डालकर सभी पौधों को पानी देने का काम किया जाता है। इस कार्य को अंजाम देने के लिए नगर निगम के द्वारा यहां पर कर्मचारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है।

इसके साथ ही नगर निगम के द्वारा रेवती तक पाइपलाइन बिछाकर ड्रेनेज के साफ किए गए पानी को भेजने की व्यवस्था भी की जा रही है। यह व्यवस्था जब पूरी हो जाएगी तो उसके बाद में रेवती में इतना पानी हो जाएगा कि हर पेड़ को आवश्यकता के अनुरूप पानी मिल सकेगा। अभी उतना ज्यादा पानी नहीं मिल पाने के बावजूद सारे पौधे पेड़ बनने की राह में आगे बढ़ गए हैं। अब यह पूरा क्षेत्र हरियाली से भरापुरा क्षेत्र बन गया है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने गुरुवार सुबह रेवतीरेंज का निरीक्षण किया। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि महेंद्र ठाकुर, भावेश दवे सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। महापौर द्वारा रेवती रेंज पर नगर निगम द्वारा लगाए गए पोधों का अवलोकन किया। ज्ञात हो की 12 लाख से अधिक पौधे नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा शहर की जानता के साथ यहाँ लगाए थे जो अब बड़े हो गए है। महापौर द्वारा पोधों की देख रेख में लगे कर्मचारियों से भी संवाद किया।

# टंकी निर्माण से आपत्ति नहीं, लेकिन जान की सलामती की ग्यारंटी दो





**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 5 के वार्ड 47 में रेसकोर्स रोड स्थित सविता इमानदार वाली गली रानीसती गेट के सामने बन रही पानी की टंकी को लेकर कुछ परिवारों ने शुरू से ही विरोध जारी रखा था। पूर्व में मामला न्यायालय तक भी गया हुआ है। अब इस मामले में क्षेत्रीय पार्षद और एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने भी विधायक और अन्य लोगों के साथ खासकर विरोध करने वाले लोगों को समझाया कि टंकी निर्माण में कोई दिक्कत नहीं है। इधर लगातार रहवासियों के दबाव में अब विरोध करने वाले कुछ परिवारों ने लिखा है कि हम टंकी निर्माण का विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन हमारी जान की सुरक्षा की ग्यारंटी होना चाहिए। अब इस मामले में पार्षद और एमआईसी सदस्य ने भी अपने चित्र के साथ पोस्टर लगाया और कहा कि नगर निगम हमेशा पानी की टंकी उच्च स्तरीय बनवाता है और उसका प्रमाण यह है कि इंदौर में कभी भी टंकी को लेकर घटना नहीं घटी है। इधर लोगों का कहना रहा कि रहवासियों ने एक तरफ कहा कि टंकी निर्माण से हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन दूसरी तरफ उन्होंने निगम से जान की सलामती मांगी और इसके बाद एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने उन्हीं के घर के सामने पोस्टर लगाकर टंकी निर्माण और क्वालिटी को लेकर आश्वासन दिया। इधर रहवासियों का कहना है कि आपत्ति लेने वाले रहवासियों की दोहरी नीति के कारण टंकी निर्माण को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 47 में बनने वाली पानी की टंकी से करीब 15 हजार घरों को फायदा मिलेगा। इसकी मांग लंबे समय से की जा रही है। टंकी जहां बनना है, वहां के कुछ परिवारों द्वारा इस मामले में आपत्ति ली गई है, उनका कहना है कि अगर यहां टंकी बनती है तो उनके परिवार की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसके बाद मामला कोर्ट में भी पहुंच गया। अब इन परिवारों ने अपने घर के गेट पर बैनर लगाया और उसके बाद एमआईसी सदस्य ने भी बैनर लगाया। इन परिवारों ने सुरक्षा मानकों के अनुसार स्वीकृत नक्शा एवं डिजाइन उपलब्ध कराने की मांग भी की थी जिस पर उनकी हर बात मानी गई उसके बाद भी उन्होंने टंकी बनने से रोकने का प्रयास किया इस पर क्षेत्रीय पार्षद और एमआईसी मेम्बर नंदकिशोर पहाड़िया ने उनके पोस्टर के जवाब में खुद लगाकर एक जनप्रतिनिधि होने के नाते आश्वासन दिया, और भविष्य की गारंटी ली। उन्होंने कहा कि टंकी निर्माण से वार्ड में हजारों लोगों को फायदा मिलेगा जिससे एक दर्जन से अधिक कालोनियों के लोगों की जल समस्या का निराकरण हो सकेगा।

**क्षेत्रीय पार्षद और एमआईसी सदस्य ने पोस्टर लगाकर ली ग्यारंटी**

# हर तरफ फजीहत.... जिंसी से आवाजाही बंद एमजी रोड पर कई जगह संकरा हुआ मार्ग





## अहिल्यापुरा भी खोद दिया, छोटा गणपति से मेट्रो ने बंद कर दिया छिपा बाखल मार्ग, बड़ा गणपति के समीप से अन्दर मल्हारगंज जाने का रास्ता भी बंद, निगम को खुद वैकल्पिक मार्गो की सुध नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर के मध्यक्षेत्र से वाहन चालकों को गुजरने में इन दिनों समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह बन गए कि जिंसी, अहिल्यापुरा, बड़ा गणपति और छोटा गणपति से गुजरने वाले कार सवार तो यहां से निकलना अपनी गलती मान रहे है। एक और निगम एवं मेट्रो द्वारा की गई खुदाई, तोड़फोड़ कर मार्ग बंद कर दिया है वही दूसरी और वैकल्पिक मार्ग तो मानो निगम अफसर समझते ही नहीं हो।**

नगर निगम द्वारा जिंसी क्षेत्र में मार्ग चौड़ीकरण के लिए तोड़फोड़ की गई है। इसके अलावा वहां रोड खुदाई का काम भी शुरू हो गया है। इसके लिए जिंसी में फिलहाल आवाजाही बंद है। बड़ा गणपति पर मोदी जी की नसिया के बाहर एक बड़ा गड्ढा खोदा गया है। इसके लिए यह मार्ग संकरा हो गया। वाहनों को निकलने में परेशानी हो रही। बड़ा गणपति के पास कुआं वाली गली में जाने का रास्ता बंद हो गया है। वहीं मल्हारगंज थाना के पास से तम्बोली बाखल - छीपा बाखल में जाने का रास्ता भी मेट्रो ट्रेन के कारण बंद कर दिया गया है। पहले से ही इस क्षेत्र में मेट्रो के काम को लेकर पार्टिशन लगाए गए हैं, जिससे भी यातायात बाधित होकर जाम हो रहा है। कुल मिलाकर टोरी कार्नर से जिंसी जाने वाले रास्ते से लेकर इधर छीपा बाखल जाने का रास्ता और अन्दर गलियों में मिलने वाले रास्तों में काफी परेशानी हो रही है। इसके अलावा छोटा गणपति पर मेट्रो का काम चल रहा है। यहां बीते कुछ माह से आधा रोड ही आवाजाही के लिए चल रहा है,बाकी आधा मार्ग पतरे लगाकर मेट्रो काम हेतु बंद है। इसके बाद अब अहिल्यापुरा मार्ग भी पूरी तरह बंद है। ऐसे में 60 फीट रोड, छोटा बांगड़दा, पुलिस लाइन, शेषाद्रि कॉलोनी की ओर राजवाड़ा तक जाने वाले सभी लोग जो जिंसी, सुभाषमार्ग से पहुंचते है, वे भी एमजी रोड का उपयोग कर रहे है। कुल मिलाकर एमजी रोड पर लोड बड़ा हुआ है दूसरी ओर यहां भी मार्ग में समस्याएं है। इधर निगम किसी भी जगह का रोड बंद करता है तो कायदे से पहले वैकल्पिक मार्ग के लिए तैयारी करना चाहिए।लेकिन इसके लिये जिम्मेदार अधिकारी सुध नहीं लेते है। जिसके कारण आम नागरिकों को परेशानी हो रही है।



### टूटी दुकान...मंदिर में निकले आंसू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल मेट्रो के लिए छोटा गणपति के सामने एवं मल्हारगंज थाना के समीप बनी दुकानें हटाई गई। इन दुकानों पर जब बुलडोजर चला तो दुकानदारों का दर्द छलक गया। अपनी रोजी रोटी पर बुलडोजर चता तो एक दुकानदार का मार्मिक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वह समीप ही मंदिर में भगवान के सामने आंसू बहाते हुए कह रहा है, यह क्या कर दिया बाबा।

# निगम को डिजिटल बनाने के लिए 41 लाख के कंप्यूटर खरीदेंगे

## अब तक ठेके के कंप्यूटर बुलाकर काम चलाते रहे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम को डिजिटल बनाने के लिए 41 लख रुपए की लागत से कंप्यूटर खरीदे जाएंगे। अब तक नगर निगम के द्वारा ठेकेदार को ठेका देकर उसके कंप्यूटर से काम चलाया जाता रहा है।

नगर निगम के कामकाज की व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव लाने की कोशिश शुरू हो गई है। नगर निगम के इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी विभाग के द्वारा 41 लाख रुपए के नए कंप्यूटर, प्रिंटर और प्रोजेक्टर खरीदने की प्रक्रिया को शुरू किया गया है। यह पहला मौका है जब नगर निगम के द्वारा इतनी बड़ी राशि खर्च करते हुए कंप्यूटर खरीदने का काम किया जा रहा है। वैसे तो नगर निगम में सारा काम कंप्यूटर के माध्यम से ही चलता है। अभी जो कंप्यूटर चल रहे थे वह कंप्यूटर किसी ने किसी ठेकेदार के द्वारा लगाए गए कंप्यूटर थे।

नगर निगम के द्वारा डिजिटल काम करने के लिए हमेशा निजी क्षेत्र के ठेकेदार को ठेका दे दिया जाता है। ऐसी स्थिति में ठेकेदार के द्वारा ही कंप्यूटर और सिस्टम लगाए जाते हैं। उक्त उपकरण लगाने के साथ ही उनको चलाने के लिए कर्मचारी भी ठेकेदार के द्वारा लगाए जाते हैं। हर बार ठेका देते हुए नगर निगम के द्वारा यह शर्त रखी जाती है कि निगम के कर्मचारियों को भी इस काम को करने में पारंगत बनाने का काम ठेकेदार के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए निगम के कर्मचारियों को ठेकेदार की टीम के द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। यह शर्त कागज में तो रहती है लेकिन ठेकेदार के द्वारा इसका पालन नहीं किया जाता है। इसका परिणाम यह होता है कि जब तक ठेकेदार का ठेका रहता है तब तक तो वह अपने कर्मचारियों के माध्यम से काम करवा देता है। जैसे उसका ठेका समाप्त होता है वैसे ही वह अपने कर्मचारी हटा लेता है और फिर अपने सिस्टम भी उठा लेता है। इस स्थिति को बदलने के लिए नगर निगम के द्वारा अब खुद के कंप्यूटर प्रिंटर और प्रोजेक्टर खरीदने की दिशा में पहल की गई है। निगम के द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव के अनुसार 41 लाख रुपए का यह सारा सामान खरीदा जाएगा। इस सामान को खरीदने के बाद नगर निगम के द्वारा अपने मुख्यालय और सभी जोनल कार्यालय में यह सिस्टम लगाए जाएंगे। निगम के कर्मचारियों के द्वारा अब इस सिस्टम पर ही काम किया जाएगा।

# पानी बचाने के प्रयास केवल एक माह ही क्यों?

**इंदौर भूजल स्तर के लिहाज़ से डार्क जोन में शामिल**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर इस समय महाजल संकट से गुजर रहा है, सालों से जो प्रयास किए जाने थे वह अब एक माह में किए जा रहे हैं। इंदौर में गिरता भूजल स्तर लोगों के लिए परेशानी और चिंता का कारण बन रहा है साथ ही प्रशासन और सरकार भी सालों बाद अब इसके लिए गंभीर प्रयास करने में जुटा हुआ है। नगर निगम के अलावा कलेक्टर को भी यह जिम्मेदारी सौंपी गई है लेकिन भूजल स्तर गिरने की घटना केवल एक माह में या एक सीजन में नहीं हुई। इंदौर कई सालों से भूजल स्तर के लिहाज से डार्क जोन में था जिसकी जानकारी समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा इंदौर और प्रदेश सरकार को दी गई इसके बावजूद भी ऐसे गंभीर प्रयास नहीं किए गए जो अब किए जा रहे हैं। शहर में यह एक बड़ा आश्चर्य है कि जल वितरण के लिए 650 टैंकर का उपयोग किया जा रहा है फिर भी लोगों को पानी नहीं मिल रहा। इधर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पानी बचाने और उससे जुड़े हुए सभी उपाय एक साथ शुरू कर दिए हैं जबकि यह निरंतर रूप से साल भर किए जाने चाहिए थे।

पर्यावरण विशेषज्ञ और विपक्ष वर्तमान में जो प्रयास किए जा रहे हैं उनको लेकर सवाल खड़े कर रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा पिछले दिनों जल संरक्षण में किए

### महापौर बोले विशेषज्ञों की सलाह अनुसार युद्ध स्तर पर प्रयास जारी, जल संकट से राहत दिलाना पहली प्राथमिकता

जाने वाले वार्डन के बीच रैंकिंग की घोषणा की गई। इस रैंकिंग को लेकर पर्यावरणविदों ने सुझाव दिया है कि यह केवल एक माह नहीं चलनी चाहिए बल्कि पूरे साल होने चाहिए क्योंकि अब पानी के लिए पूरे वर्ष सजग एवं उसे बचाने की दृष्टि से उपयोग जरूरी है ऐसा नहीं है की बारिश आने के बाद सभी जल संरक्षण से संबंधित तौर तरीके और नियम कायदे को ताख पर रख दिया जाए, या फिर उन पर काम करना पूरी तरह से बंद कर दिया जाए। वार्डों की रैंकिंग को लेकर भूजल एक्सपर्ट सुरेंद्र मोहन शर्मा बताते हैं कि यह रैंकिंग तब दी जानी चाहिए जब किसी वार्ड ने पूरे साल काम पानी बचाने के लिए किया हो या फिर वार्ड के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण भवनों में वाटर रिचार्जिंग की जा चुकी हो। यह उपलब्धि तब भी सम्मान के योग्य हो सकती है जब किसी वार्ड में सभी बगीचों में खुले मैदान में वाटर रिचार्जिंग सॉफ्ट बना ली गई हो या फिर कोई कॉलोनी अपना वेस्ट वार्टरहवासियों से इसकी प्रगति और परिणाम के बारे में चर्चा की जाए। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि फिलहाल जल संकट को दूर करने के लिए युद्ध स्तर पर काम किए जा रहे हैं, हम सभी उपाय अपना रहे हैं जिससे इस जल संकट से राहत मिले इसके बाद लगातार आने वाले सालों में जल संकट को लेकर बात की जाएगी और इस पर किए गए प्रयासों की समीक्षा के साथ सार्वजनिक चर्चाएं जारी रखी जाएगी। जैसा कि विशेषज्ञों की सलाह हमें मिल रही है हम उसके अनुसार काम कर रहे हैं, पहले प्राथमिकता इंदौर शहर को जल संकट से राहत दिलाने की है।

# माहेश्वरी महिलाएं करेंगी गौ अन्नकूट

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री मध्य क्षेत्र माहेश्वरी सखी संगठन द्वारा चातुर्मास में गौ अन्नकूट का आयोजन 7 जून सुबह 9.30 बजे से श्री लक्ष्मी व्यंकटेश देवस्थान, छत्रीबाग गौशाला में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सहयोगी रमेश शकुंतला चिंतलांग्या है। माहेश्वरी महिलाएँ पिंक कलर ड्रेस कोड में गौ पूजन, गौ आरती के साथ गौ छप्पन भोग में मौजूद रहेंगी और अपने हाथों से गाय की पेटपूजा कराकर इस अधिक मास का लाभ अर्जित करेंगी। शीखा भलिका, हिना बजाज, अंजलि बजाज, अनुभी चितलांग्या, पूजा माहेश्वरी, सरिता बियाणी सहित अन्य आयोजन से जुड़ी है।

# जैन दर्शन विषय पर ममता खासगीवाला को पीएचडी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**






जैन दर्शन पर आधारित जैन फिलासफी इन वस्तुत्व महाकाव्य विषय पर इंटरनेशनल झोराष्ट्रीयन कॉलेज मुंबई द्वारा पिछले दिनों मुंबई में आयोजित दीक्षांत समारोह में डॉक्टर आफ फिलासफी अर्थात पीएचडी की उपाधि इंदौर की विदुषी ममता खासगीवाला को प्रदान की गई। राजेश जैन ने बताया कि पट्टाचार्य विशुद्ध सागर म.सा. द्वारा रचित वस्तुत्व महाकाव्य 12 खंडों में विभाजित 1200 कविताओं का एक ऐसा महाकाव्य है जिसमें जैन धर्म, दर्शन अध्यात्म, न्याय नीति, अहिंसा, शाकाहार, इतिहास, पुरातत्व, साहित्य, अनेकांत एवं स्याद्वाद और सापेक्षता के सिद्धांतों का मनोवैज्ञानिक पद्धति एवं काव्यों के माध्यम से निरूपण और रहस्योद्घाटन किया गया है। ममता खासगीवाला ने अपने शोध प्रबंध में वस्तुत्व महाकाव्य के माध्यम से भगवान महावीर के अनेकांत एवं स्याद्वाद, सप्त भंगी नय, अहिंसा और अपरिग्रह जैसे सिद्धांतों का विश्लेषण किया है एवं वस्तुत्व महाकाव्य को जैन दर्शन का विश्वकोश निरूपित किया है। डॉ. अनुपम जैन का निदेशन और विशुद्ध सागर म.सा. की प्रेरणा और सुव्रत सागर म.सा. और आदित्य सागर म.सा. के आशीर्वाद से यह कार्य किया गया। डॉ. जैनेन्द्र जैन, हंसमुख गांधी, आजाद जैन, टीके वेद, आनंद नवीन गोधा, विपिन गांधी, मुक्त जैन, साधना दगड़े, रेखा जैन मौजूद थे।

# अधिक मास की चतुर्थी का सामूहिक उद्यापन



### अग्रसेन क्लब के आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के अलावा वैश्य महिलाएं एकत्रित

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री अग्रसेन क्लब ने अधिक मास की चतुर्थी पर सामूहिक उद्यापन का आयोजन कच्छ पाटीदार भवन पर किया। अग्रवाल समाज के अलावा वैश्य समाज की महिलाओं को आमंत्रित किया था। 51 महिलाओं के चतुर्थी उद्यापन में करीब 900 महिलाएं इस सामूहिक उद्यापन आयोजन में पहुंची। सेल्फी झोन भी बनाया गया, तम्बोला और अन्य प्रतियोगिताएं भी कराई। बेस्ट मेहंदी, बेस्ट ड्रेस अप, बेस्ट कपल प्रतियोगिताएं हुई। महिलाओं को कश्मीरी चूड़ियां भी भेंट की गई, महिलाओं ने दोहे भी बोले और प्रतियोगिता में जो जीती उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। मीना नारायण गोयल, गजेंद्र रिंकू अग्रवाल, उमेश सपना मंगल, विनोद सीमा अग्रवाल, प्रकाश अंजलि बंसल, आशीष वंदना मित्तल, राकेश रश्मि अग्रवाल, दीपक सुषमा अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, गायत्री नंदकिशोर अग्रवाल, लता हुकमचंद अग्रवाल, विनीता सुनील गुप्ता, नीरज सपना मित्तल ने कमान संभाली। आयोजन से राधा मित्तल, मुकेश कुमकुम बृजवासी, निखिल शीतल अग्रवाल, पुष्पा ऐरन, कमल किशोर गर्ग, उषा बंसल, प्रयोग शेरली गर्ग, निखिल शीतल अग्रवाल, शुभम प्रियंका अग्रवाल, विनोद मीना अग्रवाल, राकेश प्रीति गोयल जुड़े रहे।



# श्रीराम कथा का आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री सकल पंच राठौर समाज द्वारा अधिक मास में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। पंकज राठौर ने बताया कि श्रीराम कथा का रसपान करने मालासिंह ठाकुर भी पहुंची, जिनका स्वागत किया गया उन्होंने व्यासपीठ का पूजन भी किया और भगवान श्रीराम के साथ राम परिवार के दर्शन भी किए। राठौर समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान भी किया जा रहा है।

# भगवान परशुराम के जयकारों के साथ नेत्र शिविर का सेवाकार्य



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

श्री परशुराम सेना ने कल अरबिन्दों हास्पिटल के साथ जनकल्याण फाउंडेशन और सांई राम अखंड सेवा समिति के तत्वावधान में नेत्र परीक्षण शिविर लगाया, भगवान परशुराम के जयकारों के साथ यह सेवार्थ नेत्र शिविर आयोजित किया गया। अनूप शुक्ला ने बताया कि बड़ी संख्या में लोगों ने आंखों की जांच कराई और चिकित्सकों से परामर्श भी मोदी जी की कुटिया आनंदम केंद्र भंडारे वाले मंदिर यशवंत निवास रोड पर प्राप्त किया। अनूप शुक्ला, त्रिलोक खत्री, सुभाष धौलपुर, प्रकाश सेरोके, वीरेंद्र शर्मा, विजय नीमा, बाबूलाल मौर्य, नमन दुबे, भूपेन तिवारी, छोटू उस्ताद सेवार्थ मौजूद थे।



# शिक्षिका डॉ. किरण की विदाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शासकीय कन्या स्कूल महू की शिक्षिका एवं प्रभारी प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हुई डॉ. किरण भदौरिया का सेवानिवृत्ति पर विदाई आयोजन किया गया। राधा आगीवाल, मोहन रघुवंशी, नजीमा अंसारी, दीपिका राजपूत, मनोज जैन, करण ठाकुर, जीतमल वर्मा, जितेंद्र शर्मा, प्रभात शर्मा, नीरज यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# इंदौरी पंडितों द्वारा ओंकारेश्वर में शिव महापुराण



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पुरुषोत्तम मास में ज्योतिर्लिंग बाबा ममलेश्वर-ओंकारेश्वर में पांच दिवसीय शिव पुराण का आयोजन राधेनंदन नागर एवं आचार्य संतोष पुरोहित द्वारा कथा के रसपान के अलावा भजनों की प्रस्तुति भी दी जा रही है। कार्यक्रम कल से शुरू हुआ जो 7 जून तक चलेगा। इंदौर से जुड़े पंडितों द्वारा यह धार्मिक आयोजन ओंकारेश्वर में किया जा रहा है। व्यासपीठ का पूजन मनमोहन साहू, मनोरमा साहू ने किया।



# पालीवाल समाज की मातृशक्तियों ने भी दिखाई चौथ माता की भक्ति

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

पुरुषोत्तम मास की चतुर्थी पर पालीवाल समाज 24 श्रेणी एंव उत्सव समिति के तत्वावधान में अन्नपूर्णा मंदिर समाज भवन पर सामूहिक उद्यापन का आयोजन किया गया। चौथ माता की भक्ति पालीवाल समाज की मातृशक्तियों ने सामूहिक उद्यापन के माध्यम से दिखाई एवं व्रत किया गया। चौथ माता का पूजन करने के साथ चन्द्रदेव को अर्घ्य दिया गया। मांगीलाल जोशी, भरत जोशी, रोहित पालीवाल, राकेश जोशी, ललित पुरोहित, प्रतापमल जोशी, प्रदीप जोशी, राजेश जोशी, निर्मल जोशी, मदनलाल जोशी, राजेश जोशी, जगदीश जोशी, नरेश पालीवाल ने अपनी भूमिका निभाई।

# पंच प्रतिज्ञा एवं पंचवटी रोपण कार्यक्रम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था मालवा मंथन द्वारा पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पंच प्रतिज्ञा एवं पंचवटी रोपण कार्यक्रम आज शाम 4 बजे से रुकमणीबेन दीपचंदभाई गार्डी नर्सेस ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित किया जाएगा। पंच प्रतिज्ञा के साथ पंचवटी रोपण भी होगा। मौजूद लोगों को जीरो पॉलिथीन परिसर का संकल्प दिलाया जाएगा।

# चारधाम की यात्रा से आए तो हुआ स्वागत



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर अपने परिवार सहित भगवान बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री एवं यमुनोत्री की चारधाम यात्रा से लौटे तो निकट के लोगों ने उनके और परिवार के सम्मान का आयोजन किया।

# वाल्मीकि सेना का सेल्फ रिस्पेक्ट आंदोलन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



वाल्मीकि सेना मार्शल कौम द्वारा चलाए जा रहे सेल्फ रिस्पेक्ट आंदोलन में मेरा आत्मसम्मान मेरा स्वाभिमान के अन्तर्गत गलत बोलना, लिखना, संचार के साधनों में उपयोग करना, सरकारी विभाग में उपयोग करना, आधार कार्ड में, शैक्षणिक संस्थानों में, जाति सूचक शब्द लिखना गैर कानूनी और असंवैधानिक बताया। इसीलिए संस्था द्वारा सेल्फ रिस्पेक्ट आंदोलन चलाया जा रहा है जिसमें समाज के सभी लोगों को अवेयर एवं जागरूक किया जा रहा है। वाल्मीकि सेना द्वारा पूरे मध्य प्रदेश में यहां आंदोलन चलाया जा रहा है जिसमें खंडवा, मंदसौर, नीमच, रतलाम, उज्जैन आदि जगहों पर वाल्मीकि सेना जनजागरण कर रही है, इसके पूर्व मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मा. मोहन यादव को ज्ञापन भी दिया जा रहा है। इंजीनियर संतोष कल्याणे, राजेश मेवाती, हरीश नागर, नीलेश गौसर, राजेश धोलपुरे, संजय झांझोट, शुभम मेलुंडे, करण बिवाल, कल्लू मेलुंदे सक्रियता से इस अभियान में भाग ले रहे है।

# कलेक्टर के राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कल कलेक्टर कार्यालय में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की अधिकारीवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासकीय भूमि पर से अवैध अतिक्रमण और कब्जे को हटाए। अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने तालाबों के गहरीकरण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# बायोडाटा सम्मेलन में आ रहे प्रत्याशी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** श्री अग्रसेन महासभा द्वारा यशवंत निवास रोड स्थित महासभा कार्यालय पर साप्ताहिक बायोडाटा बैंक एवं सम्मेलन में प्रत्याशी और अभिभावक आ रहे है। इसके अलावा विवाह का आयोजन भी संस्था द्वारा किया जा रहा है। इस सप्ताहिक बायोडाटा बैंक में विधवा, विधुर, तलाकशुदा एवं अन्य विशेष श्रेणी के प्रत्याशियों के परिचय भी उपलब्ध हैं जिनका लाभ योग्य प्रत्याशियों को मिल रहा है।

# विश्व क्लब फुट दिवस का आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



विश्व क्लब फुट दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में क्लबफुट से प्रभावित परिवारों के साथ संवाद आयोजित किया गया, ताकि बच्चों में इस स्थिति की समय पर पहचान और शीघ्र उपचार के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि समय पर पहचान एवं उपचार से इसे ठीक कर बच्चे को जीवन भर की दिव्यांगता से बचाया जा सकता है। गर्भावस्था के दौरान ए.एन.सी. चेकअप एवं सोनोग्राफी अवश्य करवाएं, ताकि गर्भावस्था में ही इसका पता लगाया जा सके, ताकि प्रसव के उपरांत क्लब फुट क्लिनिक में परामर्श लेकर उपचार प्रारंभ किया जा सके, यह उपचार पूर्णतः सुरक्षित हैं। क्लबफुट एक जन्मजात स्थिति है, जिसमें बच्चे के पैर जन्म के समय अंदर की ओर मुड़े होते हैं, यह लगभग हर 400 नवजात शिशुओं में से 01 को प्रभावित करता है। समय पर उपचार मिलने पर क्लबफुट वाले बच्चे सामान्य और सक्रिय जीवन यापन कर सकते हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत क्लबफुट से प्रभावित बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में उपचार के लिए भेजा जाता है। जिला इंदौर में क्लबफुट उपचार सेवाएँ जिला अस्पताल इंदौर में उपलब्ध हैं, जहाँ प्रभावित बच्चों के लिए साप्ताहिक क्लिनिक संचालित किए जाते हैं। वर्तमान में 41 बच्चे क्लबफुट का उपचार प्राप्त कर रहे हैं, 40 बच्चों ने सफलतापूर्वक उपचार पूरा किया है।

# वेस्ट से बेस्ट आर्ट वर्कशॉप

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

क्रिएट स्टोरीज सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा द इमेजिनेशन स्टेशन में आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया । इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और कबाड़ को कला में बदलना सिखाना था। वर्कशॉप के दौरान पर्यावरण को सहेजने का संदेश दिया गया।





# अधीक्षण यंत्री गर्ग का अभिनंदन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अधीक्षण यंत्री, शहर वृत इन्दौर के पद पर धार से आए एम के गर्ग का अभिनंदन मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन व्दारा किया गया।

# नुक्कड़ नाटकों से 1500 को किया जागरूक

## तंबाकू सेवन और मुख कैंसर के खतरों के बारे में लोगों को किया गया जागरूक

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल ने शहरभर में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया, जिसका उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों और बढ़ते मुख कैंसर के खतरे के प्रति जागरूक करना था। नुक्कड़ नाटकों और इंटरैक्टिव जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से इस अभियान ने इंदौर और आसपास के छह प्रमुख स्थानों पर 1500 से अधिक लोगों तक अपनी पहुंच बनाई। यह जागरूकता अभियान द हब, अपोलो हाई स्ट्रीट और नेक्सस मॉल सहित शहर के व्यस्त सार्वजनिक स्थलों और युवाओं के बीच आयोजित किया गया।

# आज सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव में 500 से अधिक साधक शामिल होंगे

## शंकराचार्य सहित अनेक संत आएंगे, स्पॉट पंजीयन भी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आज दोपहर 3 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका पर गुप्त काशी-केदारखंड के ब्रह्मचारी आचार्य प्रशांत के निर्देशन में होने वाले सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव में 500 से अधिक साधक शामिल होंगे। अनुष्ठान में जगदगुरु शंकराचार्य भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ, पंचायती अखाडा श्री निरंजनी हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी जयगिरि महाराज, चारधाम मंदिर उज्जैन के अधिष्ठाता स्वामी शांति स्वरूपानंद गिरि सहित देश के अनेक प्रमुख तपोनिष्ठ संत विद्वान भी अपना सानिध्य प्रदान करेंगे। अनुष्ठान में शामिल होने वाले साधकों को गंगा के उदगम स्थल गोमुख से अभिमंत्रित और बद्रीनाथ धाम से सिद्ध किए गए गोमती चक्र, केदारनाथ के चरणों से स्पर्श कराए गए पवित्र रुद्राक्ष सहित अभिमंत्रित श्रीयंत्र भी घर ले जाकर स्थापित करने के लिए भेंट किए जाएँगे। जो साधक अब तक पंजीयन नहीं करा सके हैं, उनकी सुविधा के लिए नरसिंह वाटिका पर स्पॉट पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। प्रवेश 3 बजे से प्रारम्भ हो जाएगा। पुरुष साधक श्वेत परिधान में तथा महिलाएं लाल एवं पीताम्बर परिधान में आएंगी।



# अंजना चौरसिया को दूरदर्शन से कथक में ए ग्रेड मान्यता

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, किला मैदान के नृत्य विभाग की प्राध्यापक डॉ. अंजना चौरसिया को भारत के लोक सेवा प्रसारक दूरदर्शन केंद्र (प्रसार भारती) द्वारा शास्त्रीय नृत्य विधा 'कथक' में प्रतिष्ठित ए ग्रेड कलाकार की मान्यता प्रदान की गई है। यह उपलब्धि कथक नृत्य के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट साधना, समर्पण और निरंतर परिश्रम का परिणाम है। दूरदर्शन की ग्रेडिंग प्रक्रिया अत्यंत कठिन एवं चरणबद्ध होती है। ए ग्रेड प्राप्त करने के लिए कलाकार को पहले बी ग्रेड तथा उसके बाद बी हाई ग्रेड की मान्यता प्राप्त करनी होती है।

# तैयार सर्विस रोड के दो दर्जन पोल पर नई लाइटिंग लगाने की तैयारी

## दूसरी तरफ एनएचएआई द्वारा बायपास पर लगाई आधी से ज्यादा एलईडी बंद, सर्विस रोड तैयार



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** बायपास पर शांति निकेतन कॉलोनी के सामने से लेकर कनाडिया रोड़ बायपास तक के बड़े हिस्से में हाल ही में नई सर्विस रोड बनकर तैयार हो चुकी है। वही अब इस हिस्से में उजाला करने के लिए निगम द्वारा दो दर्जन से ज्यादा पोल पर नई एलइडी लाइटिंग लगाने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि दो दर्जन से ज्यादा लगे नए इलेक्ट्रिक पोल पर आने वाले दिनों में बेहद जल्द तेज रोशनी वाली नई एलइडी लाइटिंग लगाने की तैयारी है। जबकी दूसरी तरफ नेशनल हाईवे अर्थोरिटी (एनएचआई) विगत ढाई से तीन साल से लगाई लगभग 500 से ज्यादा लाइटिंग में से वर्तमान में आधी भी नहीं जल रही है। जिसको लेकर लगातार बायपास क्षेत्र के रहवासियों और और जन प्रतिनिधियों द्वारा लगातार मांग के बाद भी न एनएचआई और ना नगर निगम इस ओर ध्यान दे रहा है। जिससे बायपास के बड़े हिस्से में लंबे समय से जिम्मेदारों की लापरवाही का अंधेरा छाया हुआ है।

इधर, बड़ी बात यह है कि राऊ गोल चौराहा से देवास नाका बेस्ट प्राइज बायपास तक के बड़े हिस्से में लगभग 300 से ज्यादा कॉलोनियां और टाउनशिप होने के बावजूद जिम्मेदार बायपास पर अंधेरे की वजह से होने वाले आए दिन हादसों और दुर्घटनाओं के बावजूद सबक नहीं ले रहें है। जबकि करीब ढाई से तीन साल पहले बायपास के बड़े हिस्से में लाइटिंग लगने के बावजूद अभी तक आधे से ज्यादा हिस्से में अंधेरा फैला है। कहीं कनेक्शन की वजह से तो कहीं सालभर में लाइटिंग बंद हो गई। कहीं आधी जल रही है तो कहीं आधी से ज्यादा बंद पड़ी है। कुल मिलाकर बायपास पर निगम और एनएचआई का अंधेरा दूर कर उजाला करने की योजना पूरी तरह से फेल है। वहीं दूसरी ओर अब सर्विस रोड का निर्माण कर रहे निगम द्वारा नई सर्विस रोड़ पर लाइटिंग लगाने के साथ चालू करने की तैयारी भी शुरू कर दी है। इधर रहवासियों का कहना है पहले निगम को एनएचआई द्वारा लगाई लाइटिंग को सुधारकर या जहां कनेक्शन देना है देकर पहले इसे चालू करवाना चाहिए, फिर नई लगाने की चिंता पाले। जबकि बायपास पर तेजाजी नगर से बिचौली और देवास नाका तक के बड़े हिस्से में बीच-बीच में कई जगह अंधेरा छाया है।

# व्यापारी बड़े हिस्से में बीच सड़क पर खुदाई से परेशान

## लंबे समय से 100 मीटर से ज्यादा हिस्से में खुदाई के बाद नहीं दे रहे ध्यान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। छावनी क्षेत्र में नसिया रोड से सरवटे बस स्टैंड के पास तक का बड़े हिस्से में बीच सड़क पर खुदाई से क्षेत्र के व्यापारी परेशान हो रहे है। व्यापारियों के कहना है कि निगम द्वारा 3 महीने पहले लाइन डालने के लिए खुदाई की थी। उसके बाद हालत यह है कि आज तक खुदाई के बाद ऊबड़-खाबड़ सड़क में सुधार कार्य नहीं हुआ। जिसके कारण आज तक क्षेत्र के व्यापारी परेशान हो रहे है।

### रोज उड़ रही धूल दुकान के सामने फिर भी नहीं दे रहा कोई ध्यान

नसिया क्षेत्र के व्यापारियों को कहना है कि रोज खुदाई के कारण पूरी धूल दुकान के सामने उड़ती है। कई दिनों से परेशान हो रहे हैं लेकिन कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा है। पिछले तीन-चार महीने से खुदाई के कारण परेशानी हो रही है। यही नहीं यहां से आने - जाने वाले लोगों को भी दिक्कत है हो रही है। निगम में शिकायत कर दी फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# नमकीन पर महंगाई की मार

## 20-30 रु. किलो तक हुआ महंगा इंदौरी नाश्ता भी हुआ महंगा कचोरी-समोसे और पोहे पर बढ़ाए दाम



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** देशभर में लोग इंदौरी नमकीन के दीवाने हैं। यही नहीं इंदौरी खान-पान मेहमान नवाजी की हर जगह तारीफ होती है। साथ ही इंदौर के नमकीन और नाश्ते की चर्चा और तारीफ इंदौर आने वाले मेहमानों द्वारा इंदौर के साथ अपने शहर में जाकर भी की जाती है। पिछले दिनों युद्ध के संकट के दौरान गैस की किल्लत और फिर दाम बढकर दुगनी कीमत हो जाने के बाद दूसरी तरफ पेट्रोल-डीजल के भी भाव बढ़ गए है। ऐसे में इंदौरी नमकीन के भाव भी 20 से 30 रुपए किलो तक बढ़ाएं गए हैं। यही नहीं नाश्ते पर भी महंगाई की मार पड़ी है। इंदौर के पोहे-जलेबी और कचोरी-समोसे तक महंगे हो गए। ज्यादातर दुकानों पर कचोरी-समोसे के दाम में भी अलग-अलग तरह से वृद्धि कर दी गई है, जहां कचोरी-समोसे की बिक्री ज्यादा है वहां 5 से 7 रु. नग बढ़ा दिए गए हैं, जहां बिक्री कम है वहां 3 से 5 रु. नग बढ़ा दिए गए हैं। जबकि नमकीन 280 से लेकर 330 किलो क्वालिटी अनुसार मिल रहा है।

वहीं एलआईजी चौराहा के पास स्थित पार्श्वनाथ स्वीट्स एंड नमकीन के संचालक हितेश जैन बताते हैं पिछले दिनों ईरान-अमेरिका युद्ध के दौरान गैस टंकी की भारी किल्लत और कमर्शियल गैस टंकी की कीमत बढ़ने के बाद नमकीन के भाव में भी 20 से 30 रुपए किलो तक की बढ़ोतरी की है। जिसके बाद इंदौरी नमकीन 280 से 330 रु. किलो बिक रहा है। जबकि सराफा चाट चौपाटी से लेकर 56 दुकान तक सभी नाश्ते की दुकानों पर पोहे कचोरी समोसे के दाम बढ़ाने के बाद इनके दाम 20 से 25 रु. नग हो गए है।

# बिचौली हप्सी से बायपास और देवगुराड़िया को जोड़ने वाली सड़क निर्माण कार्य में तेजी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** राऊ विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में बिचोली हप्सी रोड से बायपास और देवगुराडिया रोड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का निर्माण कार्य इन दिनों बेहद तेजी के साथ चल रहा है। जिसके अंतर्गत बायपास से भीतर तक नोबल हॉस्पिटल चौराहा पर बिचोली ग्रामीण और देवगुराडिया क्षेत्र को जोड़ने वाले मार्ग तक बन रही लगभग 30 फीट चौड़ी मुख्य सड़क निर्माण और चौड़ीकरण की रंगत अब तेजी के साथ दिखने लगी है। यही नहीं वर्तमान में बिचौली बायपास से भीतर तक लगभग 1 किमी से ज्यादा लंबे बड़े हिस्से में आधी से ज्यादा नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। साथ ही अब पौन किमी के लगभग बचे शेष हिस्से में भी अब दुगनी तेजी के साथ का सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं आईडीए (इंदौर विकास प्राधिकरण) द्वारा बिचोली बाईपास से भीतर नोबल हॉस्पिटल चौराहा और देवगुराडिया रोड को जोड़ने वाली मैन रोड से मास्टरमाइंड स्कूल और मां पीतांबरा धाम तक बनने वाली मुख्य सड़क का निर्माण कार्य वर्तमान में बहुत तेजी के साथ चल रहा है। आईडीए द्वारा करोड़ों की लागत से बनाई जा रही इस मुख्य सड़क का निर्माण कार्य वर्तमान में आधे से ज्यादा पूरा हो चुका है। वहीं बचे हिस्से में भी सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है ताकि बारिश में यहां से दिन-रात गुजरने वाले 50 से ज्यादा कालोनियों और सैकड़ों टाउनशिप के हजारों रहवासी परिवारों को भी सीधी नई सड़क बनने से बड़ा फायदा मिलेगा। साथ ही परेशानी भी नहीं होगी। जबकि अभी तक सीधी सड़क नई होने से हजारों रहवासी परिवार इतने सालों से खासकर बारिश के मौसम में ऊबड़-खाबड़ सड़क से परेशान हो रहे थे। हालांकि इस साल क्षेत्र की मुख्य सड़क आधी से ज्यादा बन जाने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# बंगाली फ्लाई ओवर के नीचे स्पोर्ट्स जोन का काम शुरू नहीं

## 90 लाख रुपए खर्चकर आईडीए की तर्ज पर निगम को करना था ब्रिज के नीचे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का काम

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 41 के अंतर्गत बंगाली ब्रिज के नीचे खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निगम द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ करीब 8 से 9 माह पहले भूमिपूजन कर क्षेत्र के रहवासियों और खिलाड़ियों के लिए आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाना था। खास बात यह है कि आईडीए की तर्ज पर निगम द्वारा 90 लाख रुपए की लागत से ब्रिज के नीचे आधुनिक सुविधाओं के साथ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाना था। लेकिन बजट की कमी के चक्कर में हालत यह है कि करीब सात माह बाद भी अभी तक यहां कोई काम शुरू नहीं हो पाया। जबकि अब तक आधे से ज्यादा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनकर तैयार हो जाना था।



गौरतलब है कि पिछले साल दिवाली से पहले निगम अधिकारियों ने बंगाली ब्रिज के नीचे इंदौर विकास प्राधिकरण की तर्ज पर पिपलियाहाना ब्रिज की तरह बंगाली ब्रिज के नीचे भी खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्रिज के नीचे खाली पड़ी लंबी-चौड़ी जगह पर आधुनिक सुविधाओं वाले नवीन स्पोर्ट्स कंपलेक्स का निर्माण किया जाना था। जहां बैडमिंटन, हॉकी, फुटबॉल सहित अन्य खेल खेलने के लिए अलग-अलग कोर्ट में स्पोर्ट्स एक्टिविटी के लिए आधुनिक स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का निर्माण किया जाना था। इस कार्य पर निगम द्वारा करीब 90 लाख रुपए के आसपास खर्च किए जाने थे। लेकिन अब हालात यह है कि 8 से 9 माह बाद भी अभी तक निगम द्वारा यहां स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के नाम पर एक ईंट भी नहीं लगाई है। जिससे क्षेत्र के खेल प्रेमियों में निराशा है। वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों ने यहां के रहवासियों के सामने भूमि पूजन के समय दावे किए थे,कि अगले छह माह में यहां भव्य आधुनिक सुविधाओं वाला खेल परिसर तैयार हो जाएगा, लेकिन अब अब तक काम ही शुरू नहीं हो पाया।

## संपादकीय

# दिल्ली की आग : लपटों से नहीं, लापरवाही से जलता शहर बार-बार दोहराता एक ही सच

ताजा मामला दिल्ली के मालवीय नगर इलाके के एक होटल में लगी भीषण आग का है, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले विवेक विहार में लगी आग में नौ लोगों की जान चली गई थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस साल आग लगने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। इन हादसों से बार-बार महानगर के बुनियादी ढांचे, विद्युत प्रणालियों और सुरक्षा नियमों में खामियां सामने आती हैं। ताजा मामला दिल्ली के मालवीय नगर इलाके के एक होटल में लगी भीषण आग का है, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले विवेक विहार में लगी आग में नौ लोगों की जान चली गई थी। इस तरह की घटनाओं ने अवैध निर्माण, प्रशासनिक ढिलाई और कानूनों की अवहेलना की बढ़ती परिपाटी के खतरनाक गठजोड़ को उजागर किया। अग्नि सुरक्षा तंत्र और प्रशासनिक ढांचा कागजों तक सीमित हैं। मालवीय नगर के जिस होटल में आग लगी, वहां सरकार ने छह कमरों की इजाजत दी थी और 25 कमरे चलाए जा रहे थे। नियमों का खुला उल्लंघन हो रहा था। सवाल यह है कि कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियां क्या कर रही थीं? दिल्ली के शहरी विस्तार ने एक विरोधाभास पैदा कर दिया है। यहां प्रशासन विकेंद्रित है। कई एजेंसियों—दिल्ली दमकल सेवा, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विकास प्राधिकरण, राज्य सरकार आदि के बीच कामकाज बंटा हुआ है। जब कोई हादसा होता है, तो एक विभाग दूसरे पर आरोप मढ़ कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। प्रशासनिक गतिरोध के कारण जवाबदेही शून्य हो जाती है। संकरी गलियां, अनधिकृत निर्माण, एक ही प्रवेश एवं निकास द्वार, और अग्नि अनापत्ति प्रमाणपत्र के बिना काम चलाना आम बात है। सख्त कानूनों के बावजूद, जमीनी स्तर पर भवन निर्माताओं और अवैध संचालकों में नियमों के पालन का कोई डर नहीं है। कई इमारतें और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाएं, जो अवैध होती हैं, उनमें अक्सर अग्नि सुरक्षा नियम का ध्यान नहीं रखा जाता। अग्नि सुरक्षा को दरकिनार किया जाना भी गंभीर चिंता का विषय है। इस तरह के हादसे प्रशासनिक और नागरिक लापरवाही का जीता-जागता प्रमाण है। सवाल उठता है कि अनियोजित विस्तार की अंधी दौड़ में जान-माल से समझौता कब तक होता रहेगा? नगर निकायों से संबंधित नियम शहरी सुरक्षा की रीढ़ होते हैं। आपातकालीन निकास, विद्युत भार क्षमता, निर्धारित दूरी और अग्नि सुरक्षा मार्गो और भवन निर्माण से संबंधित मानदंड दशकों के अनुभव के आधार पर तैयार किए गए हैं। इनका उल्लंघन इमारतों को मौत के जाल में बदल देता है। सुविधा, प्रतिष्ठा या लाभ की लालसा में कानूनों को दरकिनार करने की प्रवृत्ति हादसों को निमंत्रण देती है। कायदे से नियमों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। इन्हें ताक पर रखकर इमारत बनाने वालों और रिश्वत लेकर उन्हें मंजूरी देने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है। नगर निकायों को नियमों के अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाना चाहिए। शहरी आवास के बदलते स्वरूप भी चिंताजनक हैं। शहर आधुनिक विलासिता तो चाहता है, लेकिन अक्सर सुरक्षित जीवन के मूलभूत सिद्धांतों की उपेक्षा करता है। एक आधुनिक शहर वह नहीं है, जिसमें ऊंची इमारतें, विलासिता, अनाप-शनाप कमाई हो, बल्कि वह है जहां मानव जीवन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में बुधवार को आग लगने के कारण 21 लोगों की मौत हो गयी। मालवीय नगर स्थित पांच मंजिला होटल 'फ्लोरिश स्टे बी एंड बी' में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। मृतकों में कई विदेशी नागरिक भी हैं जबकि कई लोग बुरी तरह जख्मी हैं। इस हादसे में गुरुग्राम के एक ही परिवार के 8 लोगों की मौत हो गई। मैक्स में परिजन का इलाज कराने के लिए आए हुए ये सभी लोग होटल में नाश्ता करने गए थे।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | |
|---|---|
| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| 150800 | 154800 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 250500 | 263100 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है
▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# भाई को पिटता देख बीच-बचाव करने पहुंची बहन से मारपीट

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के भूरी टेकरी इलाके में एक युवती जब अपने छोटे भाई को पिटता देख उसे बचाने और आरोपियों को समझाने पहुंची, तो आरोपियों ने उल्टा युवती को ही घेर लिया। आरोपी और उसकी मां ने मिलकर युवती के साथ सरेराह गाली-गलौज की और थप्पड़ों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना कनाड़िया थाना क्षेत्र के अरावली परिसर भूरी टेकरी की है। यहां रहने वाली फरियादिया शिवानी राठौर (19) ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवानी ने पुलिस को बताया कि उनका छोटा भाई प्रेम किसी काम से भूरी टेकरी पर गया हुआ था, जहां वहीं का रहने वाला आरोपी लक्की उसके साथ बिना किसी बात के मारपीट कर रहा था। भाई को पिटता देख शिवानी तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों को शांत कराने का प्रयास करने लगी। शिवानी ने पुलिस को बताया कि वह काफी देर तक लक्की और अपने भाई प्रेम को झगड़ा न करने के लिए समझाती रही, लेकिन वे दोनों शांत नहीं हो रहे थे और लगातार विवाद कर रहे थे। स्थिति को बिगड़ता देख और दोनों को शांत कराने के उद्देश्य से शिवानी ने अपने भाई प्रेम और आरोपी लक्की, दोनों को एक-एक थप्पड़ मार दिया, ताकि विवाद वहीं थम जाए। लक्की को थप्पड़ मारने के बाद शिवानी इस बात की शिकायत करने और मामले को सुलझाने के लिए लक्की की मां नीतू बाई के पास गई। लेकिन वहां मामला और बिगड़ गया। लक्की की मां को समझाने के प्रयास के दौरान ही आरोपी लक्की का भाई और उसकी मां नीतू बाई भड़क गए। दोनों ने आव देखा न ताव, शिवानी को देखते ही गालियां देना शुरू कर दिया। जब शिवानी ने गाली देने से मना किया, तो आरोपियों ने उसे घेर लिया और हाथ-थप्पड़ों से उसके साथ जमकर मारपीट कर दी।

# चंदननगर पुलिस ने 2 तस्करों को दबोचा, 1.81 लाख की एमडी ड्रग्स और बुलेट जब्त



## मंदसौर-रतलाम से जुड़ा नेटवर्क

**इंदौर।** 'नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस' अभियान के तहत चंदननगर थाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 18.59ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स कीमत करीब 1 लाख 81 हजार रुपये और वारदात में इस्तेमाल एक रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल (कीमत करीब 2 लाख रुपये) जब्त की है। कुल मसरूका 3.81 लाख रुपये आंका गया है।

चंदननगर थाना प्रभारी निरीक्षक तिलक करोले के नेतृत्व में पुलिस टीम जब सिंहासा वाइन शॉप के पास चेकिंग कर रही थी, तभी बुलेट सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। टीम ने तत्परता दिखाते हुए पानी की टंकी के पास घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से एमडी ड्रग्स बरामद हुई। आरोपियों की पहचान अभिषेक पिता कैलाश सोलंकी निवासी सिरपुर और अशरफ उर्फ बंटी पिता अब्दुल हमीद खान निवासी ग्रीन पार्क, इंदौर के रूप में हुई है। ड्रग्स की यह खेप आरोपी अशरफ के पास से मिली है।पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि वे खुद भी नशे के आदी हैं। अपने शौक पूरे करने, कर्ज चुकाने और शॉर्टकट से जल्दी अमीर बनने के लिए उन्होंने तस्करी का रास्ता चुना। आरोपियों ने सनसनीखेज खुलासा किया कि वे यह ड्रग्स मंदसौर और रतलाम से कम दामों में खरीदकर लाते थे और इंदौर में छोटे-छोटे टोकन बनाकर महंगे दामों में सप्लाई करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी के मुताबिक, आरोपियों से नशीले पदार्थों के मुख्य सोर्स और इंदौर शहर में उनके पूरे नेटवर्क व खरीदारों के संबंध में पूछताछ करने के लिए कोर्ट से पुलिस रिमांड ली जा रही है, ताकि इस धंधे से जुड़े अन्य आरोपियों पर भी शिकंजा कसा जा सके।

# मुखबिरी के शक में युवक पर हमला

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में पुलिस की मुखबिरी करने के शक में एक युवक पर जानलेवा हमला करने और उसे सरेराह पीटने का मामला सामने आया है। इलाके के एक शातिर बदमाश ने युवक को घेरकर उसके साथ गाली-गलौज की और चेहरे पर थप्पड़ व मुक्के जड़ दिए, जिससे युवक की नाक से खून बहने लगा। पड़ोसियों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र के भागीरथपुरा इलाके की है। यहां रहने वाले फरियादी यश पिता कुंदन ठाकुर ने थाने पहुंचकर भागीरथपुरा के ही रहने वाले आरोपी हेमंत बरोनिया के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। यश ने पुलिस को बताया कि वह अपने क्षेत्र में था, तभी आरोपी हेमंत बरोनिया अचानक उसके पास आया। हेमंत पुराना विवाद और मुखबिरी का शक पाले हुए था। उसने आते ही यश का रास्ता रोका और चिल्लाते हुए कहा कि तू हमारी बहुत मुखबिरी करता है, आज तुझे मज़ा चखाता हूं। यश ने जब इस बात का विरोध किया, तो आरोपी हेमंत ने आव देखा न ताव, उसे गालियां देना शुरू कर दिया। विवाद के दौरान ही आरोपी ने यश के चेहरे पर जोरदार थप्पड़ और मुक्के मार दिए। हमला इतना अचानक और तेज था कि यश का संतुलन बिगड़ गया और वह जमीन पर गिर पड़ा। चोट लगने के कारण यश की नाक से खून की धार बहने लगी। यश को लहूलुहान हालत में देखकर आसपास के पड़ोसी और राहगीर तुरंत उसे बचाने और आरोपी हेमंत को पकड़ने के लिए दौड़े। भीड़ को अपनी तरफ आता देख आरोपी हेमंत बरोनिया घबरा गया और मौके से भागने लगा। हालांकि, भागते-भागते भी उसका दुस्साहस कम नहीं हुआ; उसने सबके सामने यश को दोबारा धमकी देते हुए कहा कि अगर अब कभी पुलिस को हमारी मुखबिरी की या हमारे खिलाफ गया, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

# थाने ले जाने के बहाने पत्नी को बाइक पर बैठाया, फिर रास्ते में लात-घूंसों से पीटा

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक पति द्वारा अपनी पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपी पति पत्नी को थाने ले जाने की बात कहकर घर से ले गया और रास्ते में उसे चलती बाइक से धक्का देकर गिरा दिया। तेजाजी नगर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता जानवी पति धनराज जाटव, निवासी मिर्जापुर ने अपनी शिकायत में बताया कि बीती रात उसका पति धनराज उसके मायके पहुँचा। आरोपी ने उसे थाने चलकर बात सुलझाने का झांसा दिया और अपनी बाइक पर बैठा लिया। जैसे ही वे बायपास सर्विस रोड पर जसपाल ढाबे के पास पहुँचे, आरोपी ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया।पीड़िता का आरोप है कि पति ने चलती बाइक से उसे धक्का देकर सड़क पर गिरा दिया। इसके बाद आरोपी ने उसे लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा, जिससे जानवी को पीठ, हाथ, घुटने और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुँचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने पति धनराज के विरुद्ध मारपीट और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध मदिरा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आबकारी विभाग उड़नदस्ता प्रभारी कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में अवैध मदिरा के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रथम कार्रवाई वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्रमांक-1 के उप निरीक्षक आशीष कुमार जैन द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में की गई। कार्रवाई के दौरान मोबिन उर्फ हनी पिता नफीस खान, निवासी अहिल्या पलटन, सदर बाजार, इंदौर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 100 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर का टीवीएस जूपिटर स्कूटर जब्त किया गया। जब्त मदिरा एवं वाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1.25 लाख रुपये है। इसी क्रम में कल 3 जून को कनाडिया बाईपास क्षेत्र में की गई कार्रवाई में गोविंद पिता मोहन बैरागी, निवासी देवास को अवैध मदिरा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 2 पेटी रॉयल चैलेंज मदिरा तथा परिवहन में प्रयुक्त टीवीएस रेडियन मोटरसाइकिल जब्त की गई। जब्त मदिरा एवं वाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 80 हजार रुपये है। दोनों मामले में आबकारी विभाग की कार्रवाई में विभाग के मुकेश रावत, शुभम गोंड, विपुल खरे एवं वीरेन्द्र पटेल का योगदान रहा।



## महिला मैकेनिकों द्वारा निर्मित इलेक्ट्रिक साइकिल का होगा लोकार्पण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

विश्व साइकिल दिवस और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंदौर की महिला मैकेनिक एक नई उपलब्धि के साथ सामने आ रही हैं। समान सोसायटी द्वारा प्रशिक्षित महिला मैकेनिकों द्वारा तैयार की गई इलेक्ट्रिक साइकिल का लोकार्पण समारोह आज 4 जून को दोपहर 1:30 बजे आरएनटी मार्ग स्थित हिन्दी साहित्य समिति भवन में आयोजित किया जाएगा।

महिला मैकेनिकों द्वारा निर्मित यह इलेक्ट्रिक साइकिल एक बार चार्ज होने पर लगभग 25 किलोमीटर तक चल सकती है तथा इसकी अधिकतम गति 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत और सुलभ परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 3 जून को विश्व साइकिल दिवस तथा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इन दोनों अवसरों के बीच आयोजित यह लोकार्पण कार्यक्रम सतत और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश देगा। समान सोसायटी द्वारा संचालित कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित महिला मैकेनिकों ने इस इलेक्ट्रिक साइकिल का निर्माण किया है। पेट्रोल पर निर्भरता कम करने और हरित परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में यह पहल एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकती है।

## युवक की संदिग्ध मौत

इंदौर। लसूडिया थाना क्षेत्र के केलोद कांकड़ इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। युवक अचानक जमीन पर गिर पड़ा था, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत करंट लगने के कारण हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। घटना लसुड़िया थाना क्षेत्र के केलोद कांकड़ की है। मृतक की पहचान लखन पिता सरवन (35) निवासी केलोद कांकड़, लसूडिया के रूप में हुई है। परिजनों और आसपास के लोगों के मुताबिक, लखन अपने घर के पास ही था, तभी वह अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। उसे तड़पता देख परिजन और पड़ोसी तुरंत मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल लेकर रवाना हुए। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही लखन ने दम तोड़ दिया। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों का अनुमान है कि लखन खुले तार के संपर्क में आ गया था, जिससे उसे जोरदार करंट लगा और वह बेहोश होकर गिर गया। हालांकि, शरीर पर करंट के स्पष्ट निशान हैं या नहीं, इसकी पुष्टि अभी पुलिस द्वारा नहीं की गई है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

इंदौर। बलवाड़ा क्षेत्र में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण टक्कर में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान आशाराम पिता नरसिंह (30) निवासी मित्रबंधु नगर के रूप में हुई है। आशाराम अपनी मोटरसाइकिल से बलवाड़ा क्षेत्र से गुजर रहा था। तभी रास्ते में किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आशाराम सड़क पर दूर जा गिरा और उसे गंभीर चोटें आईं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने तक युवक ने दम तोड़ दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## सांसद ने भी केन्द्र सरकार के लिए अपना दायित्व निभाया

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा की केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी टीम के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जहां भाजपा नगर और जिला कल से 21 जून तक कार्यक्रम आयोजित कर रही है, वहीं सांसद शंकर लालवानी ने भी कल प्रबुद्धजनों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। 12 वर्षों की उपलब्धियां भी सभी को बताई और कहा कि घर-घर तक सरकार की उपलब्धियां पहुंचे। योजनाओं से समाज के विभिन्न वर्गों को हुए लाभों पर भी विचार-विमर्श किया गया। ओम नारेड़ा, संतोष गोयल, अजितसिंह नारंग, गोपाल गोयल, मनोज काला, अशोक अधिकारी, लोकेन्द्रसिंह राठौड़, दीपक जैन, श्रेष्ठ गोयल, वीके गुप्ता, डीके जैन, प्रमोद डफ़रिया, ईश्वर बाहेती मौजूद थे।



## होटल की छत पर लगे टावर केबल में आग, हड़कंप

इंदौर। आज सुबह छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में होटल की छत पर लगे टावर के केबल में आग लग गई। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। सुबह 9 बजे वैष्णवी होटल की छत पर निजी मोबाइल कंपनी के लगे टावर केबल में आग लग गई, जिससे होटल और आसपास की अन्य होटलों में हड़कंप मच गया। वैष्णवी होटल में ठहरे यात्री जान बचाकर बाहर निकल गए। इसी बीच फायर ब्रिगेड दमकल मौके पर पहुंची और आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक जिओ कंपनी के टावर केबल में फाल्ट होने से यह घटना हुई है।

## 5 आरोपियों को किया गया जिलाबदर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 5 आरोपियों को जिलाबदर किया। उनमें इंदौर जिले के महू थाना क्षेत्र के नम्बर बाथरी निवासी राजा पिता सुरेश पिवाल तथा रवि पिता सुरेश पिवाल, होली चौक गुजरखेड़ा निवासी निखिल पिता संतोष दामोदर, गुजरखेड़ा निवासी सौरभ पिता राम चौहान और मानपुर थाना क्षेत्र के सोनारिया कुंआ निवासी बाबू उर्फ राजकुमार पिता घनश्याम गावड़ शामिल है। इन्हें छः-छः माह के लिये जिलाबदर किया गया है। उक्त सभी अपराधियों के विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में अनेक प्रकरण दर्ज है। उक्त पाँचों आरोपियों को इंदौर जिले सहित इससे लगे हुए सीमावर्ती जिले उज्जैन, देवास, धार, खरगोन एवं खंडवा की राजस्व सीमाओं से निष्कासित किये गये है।

## जीएनटी मार्केट में भीषण आग

### 2 घंटे की मशक्कत और 30 हजार लीटर पानी से पाया काबू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

धार रोड स्थित जीएनटी मार्केट के पास कल रात एक लकड़ी के पीठे में अचानक भीषण आग लग गई। सूखी लकड़ियों और भूसे के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास के व्यापारियों और रहवासियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची और करीब दो घंटे की भारी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया।

फायर ब्रिगेड को रात करीब साढ़े 9 बजे जीएनटी मार्केट गेट के पास स्थित पीठे में आग लगने की सूचना मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड टीम तुरंत दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुँची। लपटें इतनी तेज थीं कि उन्हें शांत करने के लिए दमकल कर्मियों को करीब 30 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल करना पड़ा।इस अग्निकांड में पीठे में रखी भारी मात्रा में लकड़ियाँ, भूसा, बैनर और अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि दमकल टीम ने समय रहते आग को चारों तरफ से घेर लिया, जिससे वह मार्केट की अन्य दुकानों और रिहायशी इलाके तक नहीं फैल पाई और एक बड़ा हादसा टल गया।

## आगामी अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए समीक्षा बैठक

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर भी हुई चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। बैठक में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायत के मुख्यपालन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों से कहा कि सूचना प्रणाली विकसित करते हुए स्थानीय संसाधनों को प्रमुखता से मैपिंग करें। जल भराव जैसी स्थिति पर नियंत्रण के लिए कम्यूनिकेशन प्लान पहली जरूरत है।

साथ ही बड़े बांधों पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाता है, इसके अलावा जिला स्तर पर बने कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों का आपसी समन्वय कारगर साबित होगा।संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स द्वारा अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए मानसून पूर्व की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति में जान-माल की हानि नहीं हो, यह सुनिश्चित करने के लिए समय रहते सूचना तंत्र की पुख्ता व्यवस्था की जाए। बाढ़ उन्मुख नदियों के लेवल पर निगरानी रखी जाए। बाढ़ संवेदनशील क्षेत्रों का पुनः आकलन कर राहत शिविर लगाए जाये। बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा सतत निगरानी की जाये। सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। वर्षा के पूर्व एनडीआरएफ(राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) की टीमों को तैनात किया जाए।

आपदा स्थिति में बचाव के लिए ड्रोन कैमरों के माध्यम में निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल के पूर्व नदी-नालों की सफाई की जाए, उनमें से गाद निकाली जाए। नालों और तालाबों के आसपास से अतिक्रमण हटाया जाये। जीर्ण-शीर्ण या जर्जर मकानों का चिन्हांकन किया जाए, खतरनाक स्थिति में नगर पालिका एवं निगमों के माध्यम से उन्हें हटाया जाए। वहीं संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के क्रियान्वयन हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में सभी सम्भाग जिलों के कलेक्टर और निकाय सीएमओ और नगरीय निकाय के अध्यक्ष शामिल हुए। खाडे ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम-2026 के तहत एवं सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का पालन करना अतिआवश्यक है। इसको लेकर राज्य शासन से भी निर्देश जारी हुए है। इसी संदर्भ में पहली बैठक आयोजित की गई है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए जिलों में विशेष प्रकोष्ठ का गठन करें। इसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा। वहीं इसकी नियमित समीक्षा करें तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बीच समन्वय स्थापित करने हेतु सैनेटरी लैण्ड फिल एवं सामान्य अपशिष्ट प्रसंस्करण एवं एकीकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की अवसंचरना की ऑडिट कराये तथा चिन्हित समस्याओं और निराकरण हेतु उठाये गए कदमों की निर्धारित समय सीमा में प्रेषित करें।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा **बबलू कुमायूं** था जो अब परिवर्तित कर **पुरुषोत्तम कुमायूं** हो गया है, अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**पुरुषोत्तम कुमायूं**
**स्कीम 51 म.नं. 994 इंदौर**
**मो.-98260-34835**

## न्यूज इन बॉक्स

### राधिका करेंगी प्रतिनिधित्व

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कोदरिया ग्राम से जुडी कराटे खिलाडी राधिका पंचोले को जून में नैनीताल में होने वाले वादोकाई



कराते स्पर्धा में आर डी विक्टोरियस की टीम की घोषणा कर दी है जिसमें अकादमी के 10 खिलाड़ी खेलेंगे। वही अगस्त में होने वाली स्कूल शिक्षा विभाग के खेल ठन थांग मार्शल आर्ट की बागडोर भी वो ही संभालेंगी। ओर अगस्त में होने वाली श्रीलंका के कोलंबो शहर अंतराष्ट्रीय कराते लीग के लिए भी जाएगी। उसके बाद सितंबर में कोशिकी मार्शल आर्ट के राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए दिल्ली में अपनी टीम का नेतृत्व करेगी । जिसमें 6 ब्लैकबेल्ट हासिल खिलाड़ी भाग लेंगे । फिर अक्टूबर में कन्याकुमारी में आयोजित होने वाले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में टीम का संचालन करेंगी। जिसमें इंदौर के 12 स्कूल के 72 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। वही नवंबर में थाईलैंड में होने वाले अंतराष्ट्रीय साउथ एशियन में भी खेलेंगी।2027 तक इस खिलाड़ी को न सिर्फ इंदौर बल्कि एस के आई एफ मध्यप्रदेश कराते की टीम की बागडोर भी संभालनी है।

### अजय ने दागे दो मैदानी गोल, हॉकी यूनिट ने जीता मुकाबला

**इंदौर।** प्रकाश हॉकी क्लब द्वारा दादा बंसीलाल सिलावट स्मृति सेवन साइडर हॉकी टूर्नामेंट में हॉकी यूनिट ने जीत दर्ज की। रेसीडेंसी क्षेत्र स्थित अभ्यास स्थल पर खेली जा रही स्पर्धा के पहले मुकाबले में हॉकी यूनिट ने आरआर स्पोर्ट्स को 3-2 से पराजित किया। विजेता टीम के लिए अजय खरे ने दो, अभय झाला ने एक गोल किया। आरआर स्पोर्ट्स के लिए स्मार्ट हार्डिया ने दो गोल किए। किशन दादा इलेवन और अभि फाउंडेशन के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। मुकाबलों के दौरान पूर्व डीएसपी बीआर यादव, केएस कपासिया, पालिया उपसरपंच आशीष तिवारी, मुरली व्यास, नाथ मिश्रा, बालकृष्ण रायकवार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

# सबसे बड़े तिरंगे के साथ हुआ एमपीएल टी-20 कप का शुभारंभ

**इंदौर।** होलकर स्टेडियम में आयोजित आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी-20 सिंधिया कप का उद्घाटन देश का सबसे बड़ा तिरंगा ध्वज फहरा कर किया गया। 35 मीटर ह 20 मीटर आकार का यह विशाल राष्ट्रीय ध्वज लगभग 11,000 प्लास्टिक की बोतलों के अपशिष्ट से तैयार किया गया है और यह 100 प्रतिशत जीआरएस (जीआरएस) प्रमाणित है, जो पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अद्भुत तिरंगे को पहले ही लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान मिल चुका है।




यह पहल इंदौर के लिए इसलिए भी महत्व रखती है, क्योंकि यह शहर स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुका है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना और इंदौर की स्वच्छता यात्रा से प्रेरणा लेते हुए जिम्मेदार कचरा प्रबंधन के प्रति लोगों को प्रेरित करना था। इसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अपशिष्ट सामग्री को रिसाइकल कर उपयोगी और प्रेरणादायक स्वरूप दिया जा सकता है। समारोह के दौरान दर्शकों की जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट के बीच इंदौर के 150 विद्यार्थियों ने इस विशाल तिरंगे को मैदान में लेकर प्रवेश किया, जिसने स्टेडियम में देशभक्ति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ाते हुए 20 मीटर ह 15 मीटर आकार का एक विशाल एमपीएल ध्वज भी फहराया गया, जिसे 7,000 प्लास्टिक की बोतलों के अपशिष्ट से तैयार किया गया था। यह ध्वज लीग की बढ़ती लोकप्रियता और निरंतर विस्तार का प्रतीक बना। देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण और क्रिकेट के अनूठे संगम से सजे इस यादगार समारोह ने मध्य प्रदेश लीग के एक और रोमांचक सीजन की शानदार शुरुआत की।

# गांव पहुंचे सूर्यवंशी, सेल्फी के लिए उमड़ी भीड़

**पटना ।** आईपीएल 2026 में अपने शानदार प्रदर्शन से देशभर में पहचान बनाने वाले युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी मंगलवार देर रात अपने पैतृक गांव ताजपुर पहुंचे। उनके आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, युवा और स्थानीय लोग उनके आवास के बाहर जुट गए। हर कोई क्रिकेट के इस उभरते सितारे की एक झलक पाने और उनके साथ सेल्फी खिंचवाने के लिए उत्साहित नजर आया। वैभव के घर पहुंचते ही प्रशंसकों की भीड़ इतनी बढ़ गई कि स्थिति को देखते हुए परिजनों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ी। भीड़ कम होने तक वैभव को रात में ही घर से बाहर ले जाया गया। वे करीब दो से तीन घंटे तक समस्तीपुर शहर में कार से घूमते रहे। इस दौरान उन्होंने पटेल मैदान का भी दीदार किया।



### राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर भी रहे साथ

देर रात भीड़ कम होने के बाद तड़के लगभग तीन बजे वैभव वापस अपने आवास पहुंचे। इस दौरान उनके साथ राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर रोमी भिंडर सहित टीम से जुड़े अन्य लोग भी मौजूद थे। सुबह होते ही दोबारा प्रशंसकों का तांता लग गया। समर्थकों में उनके साथ फोटो लेने की होड़ देखी गई। हालांकि, सुरक्षा कारणों से वीडियो बनाने पर पूरी तरह रोक रखी गई थी। बुधवार को वैभव ने अपनी दादी, माता-पिता, चाचा-चाची और भाई सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ फुर्सत के पल बिताए। इसके बाद बुधवार दोपहर वह बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए। इस दौरान वैभव और उनके परिवार ने मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाए रखी।

### जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों ने दी बधाई

वैभव के स्वागत और उन्हें बधाई देने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि, पुलिस पदाधिकारी, समाजसेवी, व्यवसायी, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में युवा उनके आवास पर पहुंचे। आईपीएल के मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले वैभव सूर्यवंशी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे समस्तीपुर जिले में गर्व, हर्ष और उत्साह का माहौल बना हुआ है। स्थानीय खेल प्रेमियों का कहना है कि वैभव ने इस मुकाम पर पहुंचकर जिले का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है।

## वूशु योग ताइक्वांडो समर कैंप का समापन



**इंदौर।** स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट द्वारा विभिन्न स्कूलों में आयोजित वूशु ताइक्वांडो और योग के समर कैंप का समापन आई डी ए के पूर्व डायरेक्टर वीरेंद्र व्यास, समाजसेवी ठाकुर सुमेर सिंह और ताइक्वांडो उपाध्यक्ष यशवंत मेवाड़ के अतिथि में संस्कृति हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के खिलाड़ियों माही परमार, रधांश, हिमांशु परमार, गौरव चौहान, मुस्कान, किरण चौहान, चाहत चौधरी, लकी परमार, वर्तिका मंडलोई, मयंक परिहार, कबीर परिहार, सृष्टि, पूर्वी, आलोक सिंह ने वूशु और योग का मनमोहक और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट और नगद राशि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय प्रशिक्षिका विद्या दुबे द्वारा किया गया आभार खुशबू द्वारा माना गया।

# कुश्ती दंगल में नामी पहलवान आएंगे

**इंदौर ।** 14 जून रविवार को शाम 5:00 बजे से बास्केटबॉल इंडोर परिसर में मिट्टी के अखाड़े में स्वर्गीय बन्ते यादव पहलवान विक्रम अवार्ड से सम्मानित एवं पूर्व मध्य प्रदेश कुश्ती संघ अध्यक्ष की स्मृति में शहर प्रदेश और देश के बाहुबली पुरुष एवं महिला पहलवानों का लाखों रूपए इनामी कुश्ती दंगल आयोजित किया जा रहा है । पिछले 28 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहे इस सितारा ए इंदौर कुश्ती दंगल में देश और दुनिया के कई ख्याति प्राप्त पहलवान अपनी आकर्षक कुश्ती कला के दम पर इस लोकप्रिय खिताब से सम्मानित हो चुके हैं और यही वजह है कि देश और दुनिया के लगभग सभी बड़े पहलवान इस दंगल में लड़ना अपनी शान समझते हैं। दंगल की लोकप्रियता और भव्यता तथा इस दंगल में देश के सारे बड़े पहलवानों को निमंत्रण दिया जा रहा है। उन सब व्यवस्थाओं को देखते हुए एक सफल आयोजन समिति का गठन किया गया है उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक शोभित बन्ते यादव एवं सरफराज अंसारी तथा संयोजक यूसुफ कुरैशी पहलवान ने बताया कि सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष नारायण यादव को मुख्य संरक्षक, सहसंरक्षक संतोष सिंह एवं डॉ सनव्वर पटेल तथा दंगल स्वागत अध्यक्ष दीपू यादव, नरेश वर्मा को अध्यक्ष,कपिल तिवारी सचिव, दंगल महामंत्री गिरीश जैन, दीपक बामन एवं अमान मेमन को नियुक्त किया गया है तथा मंत्री सोहेल बेग ,दीपक राजोरे , उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ,नवीन गोधा, योगेंद्र महंत, शशांक यादव नियुक्त किये गये है। दंगल के संचालन की व्यवस्था डॉ राजेश पाटीदार पहलवान को दी गई है। दंगल एरीना प्रभारी अंतरराष्ट्रीय पहलवान नंद किशोर यादव को बनाया गया है।

# संघ मनाएगा हीरक जयंती वर्ष, आगामी राष्ट्रीय खेलों और खेल विकास पर बना रोडमैप

**इंदौर।** मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ की वार्षिक आम सभा कल इंदौर के सायाजी होटल में गरिमामय माहौल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष और विधायक रमेश मेंदोला ने की। इस अवसर पर मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी, सीए अखिलेश जैन एवं अनिल धूपर मंचासीन रहे। बैठक में प्रदेश की सभी संबद्ध जिला इकाइयों और खेल संघों के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों ने प्रत्यक्ष रूप से हिस्सा लिया।




बैठक में विशेष रूप से मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष त्रय प्रदेश सरकार में खेल मंत्री विश्वास सारंग, सांसद विष्णुदत्त शर्मा तथा प्रदेश के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ऑनलाइन माध्यम (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) से जुड़े और अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए।

बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष रमेश मेंदोला ने सभी प्रत्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से जुड़े अतिथियों व प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इसके पश्चात बैठक का सुचारू संचालन करते हुए महासचिव दिग्विजय सिंह ने पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की और संघ का विस्तृत वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसे सदन द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के ऑडिटेड लेखा विवरण और आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुमानित बजट का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से स्वीकृति दी। वार्षिक आम सभा में मुख्य रूप से निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और भावी योजनाओं पर चर्चा की गई ः- हीरक जयंती (75 वर्ष) समारोह की योजनाये मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ अपने गौरवशाली इतिहास के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष को हीरक जयंती वर्ष (क्पंउवदक श्रनइपसमम) के रूप में मनाएगा। खेल मंत्री श्री विश्वास सारंग जी ने इस अवसर पर प्रदेश भर में खेल अकादमियों और खेल विकास कार्यक्रमों को और गति देने की बात कही। आगामी राष्ट्रीय खेलों की तैयारीरू देश में आयोजित होने वाले आगामी राष्ट्रीय खेलों (छंजपवदंस ळंउमे) में मध्य प्रदेश के खेल दल की मजबूत भागीदारी और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई।



# फार्म हाऊस पर चौकीदार ने पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला



## घरेलू विवाद में खूनी खेल आरोपी पति हिरासत में



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम उज्जैनी में बुधवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक फार्म हाउस पर चौकीदारी करने वाले युवक ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी की लाठी-डंडों व लात-मुक्कों से पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी राहुल बर्मन पिता राजेश बर्मन मूल रूप से ग्राम बीरसिंहपुर जिला उमरिया का रहने वाला है और वर्तमान में उज्जैनी स्थित एक फार्म हाउस पर अपनी पत्नी सुमन बर्मन (26) के साथ रहकर चौकीदारी करता था। मंगलवार रात को दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि राहुल ने आपा खो दिया और सुमन पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर चोटें आने के कारण सुमन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।बुधवार सुबह वारदात की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी उमाकांत चौधरी और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। खुड़ैल थाना प्रभारी कन्हैया सिंह के मुताबिक, पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। आरोपी राहुल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शुरुआती जांच में हत्या की वजह पारिवारिक कलह और घरेलू विवाद ही सामने आ रही है।

# तेज रफ्तार मिक्सर ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर
# एक युवक की कुचलने से मौत, दूसरा घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के नायता मुंडला इलाके में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक तेज रफ्तार सीमेंट मिक्सर ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही



दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।



पुलिस ने दुर्घटनाकारित ट्रक को जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना बीती रात करीब 11 बजे नायता मुंडला स्थित एलिजा पब्लिक स्कूल के पास हुई। तेजाजी नगर के रहने वाले आकिब पिता अयूब खान और समीर पिता मुर्तजा बाइक पर सवार होकर अपने घर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान एक गली से बेहद तेज गति में निकले सीमेंट मिक्सर ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 3353 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर पीछे बैठा समीर छिटककर दूर जा गिरा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। वहीं आकिब सीधे ट्रक के पहिए की चपेट में आ गया और कुचले जाने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर राहगिरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही तेजाजी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मिक्सर ट्रक को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## सूने मकान पर चोरों का धावा..
# ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर और नकदी ले उड़े

**इन्दौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के रालामंडल तिल्लौर रोड पर चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने पीड़ित मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, चोरी की यह वारदात पटेल कॉलेज के सामने रहने वाले फरियादी लाखन परमार पिता मदनलाल परमार के घर पर हुई। फरियादी ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि अज्ञात आरोपी उनके घर का ताला तोड़कर भीतर दाखिल हुए। चोरों ने कमरों में रखी अलमारी के ताले चटकाए और उसमें रखे सोने का एक मंगलसूत्र, चांदी की पायजेब, चांदी के तीन सिक्के, बच्ची के चांदी के कड़े और गल्ले में रखी नकदी समेटकर रफूचक्कर हो गए। तेजाजी नगर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार



## पुलिस की बड़ी बैक-ट्रैकिंग कार्रवाई

## 2 लाख का माल और स्कूटी जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और क्रय-विक्रय के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत द्वारकापुरी थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बैक-ट्रैकिंग और मुखबिर तंत्र की सटीक सूचना पर अहीरखेड़ी क्षेत्र में घेराबंदी कर एक शातिर तस्कर को रंगे हाथों दबोचा है। आरोपी के कब्जे से 4 किलोग्राम से अधिक अवैध गांजा और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी जब्त की गई है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2 लाख रुपये आंकी जा रही है।**

द्वारकापुरी थाना पुलिस के अनुसार, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह द्वारा शहर को नशा मुक्त बनाने और तस्करों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में डीसीपी सुनील मेहता और एसीपी शिवेंदु जोशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी द्वारकापुरी निरीक्षक मनीष मिश्रा की टीम क्षेत्र में संदिग्धों की लगातार निगरानी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने पूर्व में पकड़े गए मादक पदार्थों के उपयोगकर्ताओं से सघन पूछताछ और बैक-ट्रैकिंग की कार्रवाई की। इस दौरान एक उपयोगकर्ता से पुलिस को बेहद महत्वपूर्ण और गोपनीय जानकारी मिली। मुखबिर और बैक-ट्रैकिंग से मिले इनपुट के आधार पर पता चला कि एक तस्कर गांजे की बड़ी खेप लेकर अहीरखेड़ी स्थित दिग्विजय मल्टी क्षेत्र में आने वाला है और वह इसे स्थानीय स्तर पर छोटे पैडलर्स और युवाओं को बेचने की फिराक में है।

सूचना मिलते ही तत्काल एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया और दिग्विजय मल्टी के पास योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। कुछ ही देर में मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए और सफेद रंग की स्कूटी पर एक संदिग्ध व्यक्ति वहां आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे चारों तरफ से घेरकर रोक लिया। शुरुआती पूछताछ में संदिग्ध व्यक्ति घबरा गया और पुलिस के सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जब एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत उसकी और वाहन की विधिवत तलाशी ली गई, तो उसके पास से कुल 4 किलो 83 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से करीब 2 लाख रुपये कीमत का अवैध गांजा और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही सफेद रंग की स्कूटी को जब्त कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम धीरेंद्र पाल पिता जोगेश्वर पाल निवासी प्रजापत नगर बताया। पुलिस ने आरोपी धीरेंद्र को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।